RNI. MPHIN/2016/68439

> व्यवहार में संतुलन-संयम बड़ी साधना से ही आता है।
> — मन्नू भंडारी

# दैनिक मेल पॉवर




पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-96 | भोपाल, बुधवार 3 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

ट्रंप पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा

# दुनिया भारत पर विश्वास करती है उद्योग में मिलकर काम करने को तैयार

**नई दिल्ली।** सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य काफी उज्ज्वल है। दुनिया अब भारत पर भरोसा कर रही है और सेमीकंडक्टर उद्योग में मिलकर काम करने को तैयार है। पीएम मोदी के अनुसार, 2021 से स्वीकृत 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है। पीएम मोदी का कहना है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछली सदी में तेल से बनी थी, लेकिन भविष्य चिप्स से बनेगा। भारत इस बढ़ते हुए 1 ट्रिलियन डॉलर के सेमीकंडक्टर बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत का



सेमीकंडक्टर उद्योग सिर्फ चिप बनाने तक सीमित नहीं है। सरकार एक ऐसा इकोसिस्टम बना रही है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाएगा। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत ने अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है, जो दुनिया के लिए एक उदाहरण है।

## दुनिया भारत पर भरोसा करती है

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है और उसके साथ मिलकर सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। यह बात उन्होंने इसलिए भी कही क्योंकि इस आयोजन में 40 से 50 से अधिक देशों के सेमीकंडक्टर विशेषज्ञ मौजूद थे। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति पर भी जोर दिया और कहा कि हाल ही में जारी जीडीपी के आंकड़े हर उम्मीद से बेहतर रहे हैं।

## 21वीं सदी की ताकत एक छोटी सी चिप

पीएम मोदी ने बताया कि 20वीं सदी तेल से प्रभावित थी, लेकिन 21वीं सदी की ताकत एक छोटी सी चिप में सिमटी है। उन्होंने कहा कि यह चिप दुनिया की प्रगति को गति देने की ताकत रखती है। मोदी ने उम्मीद जताई कि जिस गति से भारत इस क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, वह जल्द ही 1 ट्रिलियन डालर से अधिक के वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल कर लेगा।

नामदारों का तो अधिकार है कामदारों को गालियां देना

## पीएम मोदी हुए भावुक–बोले– मेरी मां को गालियां दीं जो अब दुनिया में नहीं है

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी मां को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने हम सभी को अत्यधिक गरीबी में पाला। वे कभी अपने लिए नई साड़ी नहीं खरीद पाईं और हमारे परिवार के लिए पाई-पाई बचाती रहीं। मेरी मां की तरह, मेरे देश की करोड़ों माताएं हर दिन तपस्या करती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी वह वह हम सबको छोड़कर चली गईं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को आरजेडी-कांग्रेस के मंच से गालियां दी गईं। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गईं। पीएम मोदी ने कहा कि एक गरीब मां की तपस्या, उसके बेटे की पीड़ा ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज नहीं समझ सकते। ये नामदार लोग तो सोने-चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। देश और बिहार की सत्ता इन्हें अपने खानदान की विरासत लगती है। इन्हें लगता है कि कुर्सी इन्हें ही मिलनी चाहिए। लेकिन देश की जनता जनार्दन ने एक गरीब मां के कामदार बेटे को आशीर्वाद देकर प्रधानसेवक बना दिया। उन्होंने कहा कि ये बात नामदारों को पच नहीं रही है। कोई पिछड़ा, अति-पिछड़ा आगे बढ़ जाए, ये कांग्रेस को तो कभी बर्दाश्त नहीं हुआ है।

## न्यूज, ब्रीफ

### मणिपुर के दौरे पर जा सकते हैं पीएम मोदी

इंफाल। मणिपुर हिंसा शुरू होने के बाद से ही विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है, कि प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी विदेश के कई दौरे कर आए, लेकिन अब तक मणिपुर क्यों नहीं गए। लेकिन अब खबर आ रही हैं कि 13 सितंबर को पीएम मोदी मिजोरम के दौरे पर जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इसी बीच वो मणिपुर का भी दौरा कर सकते हैं। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने राज्य में एक वीवीआईपी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। मणिपुर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 30 अगस्त को राज्य सचिवालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि ह्यवीवीआईपी के दौरे के लिए भव्य तैयारियों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने पुलिस को इंफाल के कांगला और चुराचांदपुर जिले के पीस ग्राउंड में समारोह स्थलों पर ह्यब्लू बुक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्थाह्न सुनिश्चित करने को कह दिया है।

### तीन अलग-अलग पेंशन मिलेंगी जगदीप धनखड़ को

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल के दिनों में राजस्थान विधानसभा में पूर्व विधायक के रूप में पेंशन के लिए आवेदन दिया है। साथ ही वे पूर्व सांसद और पूर्व उपराष्ट्रपति के रूप में भी पेंशन के हकदार हैं। इसतरह धनखड़ को तीन अलग-अलग पेंशन मिलेंगी। धनखड़ 1989 से 1991 तक झुंझुनू से जनता दल के सांसद रहे। इसके बाद 1993 से 1998 तक किशनगढ़ से कांग्रेस के विधायक रहे। 2019 से 2022 तक वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और 2022 से 2025 तक भारत के उपराष्ट्रपति के पद कार्य करते रहे। 21 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि राजस्थान में दोहरी और तिहरी पेंशन की व्यवस्था है यानी अगर कोई नेता सांसद और विधायक दोनों रह चुका हो, तब उन्हें दोनों पदों की पेंशन पाने का अधिकार है। इस हिसाब से धनखड़ को तीन अलग-अलग पदों के लिए पेंशन मिलेगी।

### पटरी पर लौट रहे हैं भारत-चीन संबंध

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और जैसे-जैसे सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान होगा, तनाव भी कम होता जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में दोनों देशों ने भारत-चीन सीमा विवाद का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने पर सहमति जताई। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के प्रति कर्तव्य है।

सिंहस्थ-2028 के लिए 2675 करोड़ रूपए के 33 कार्य स्वीकृत

# सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्यत: करें पूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कचरा प्रबंधन के लिए अद्यतन तकनीक का हो उपयोग

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 महापर्व के सुव्यवस्थित संचालन के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। संबंधित विभाग उनके कार्यक्षेत्र में जारी गतिविधियों की निरंतर समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्यतः पूर्ण हों। साथ ही भीड़ प्रबंधन तथा समस्त प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक समन्वय भी इस अवधि तक सुनिश्चित कर लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में सिंहस्थ-2028 के लिए गठित मंत्रीमंडलीय समिति की चतुर्थ बैठक में ये निर्देश दिए। निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं में स्थानीय निवासियों को बनाएं सहभागी मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ संबंधी निर्माण कार्यों तथा नगर के भीतर के मार्गों के चौड़ीकरण कार्य व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय निवासियों को सहभागी बनाया जाए और उनके अभिमत को भी महत्व दिया जाए। सिंहस्थ के दौरान पदयात्रियों की सुविधा और वाहनों की पार्किंग का विशेष ध्यान रखा जाए।

### क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाह योजना पर हुई चर्चा

मंत्री-मण्डलीय समिति ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कान्ह नदी डायवर्शन, क्षिप्रा व कान्ह नदी पर बन रहे बैराजों तथा सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाह योजना के अंतर्गत जारी कार्यों की भी समीक्षा की। इसके साथ ही ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत प्रदाय के लिए की जा रही व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग के अन्य निर्माण कार्यों, संस्कृति विभाग द्वारा उज्जैन स्थित वीर दुगार्दास जी की छत्री के विकास एवं अनुरक्षण कार्य, ओंकार सर्किट के विकास सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की।

### सुगम यातायात के लिए हो रही है पुख्ता व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में नरसिंहघाट रोड से दत्त अखाड़ा जोन, भूखीमाता मंदिर और नदी के पश्चिमी भाग को जोड़ने में वैकल्पिक रोड के रूप में उपयोग होने वाले कर्कराज पार्किंग से भूखीमाता मार्ग, लालपुल से एमआर-22 तक की 1.5 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग, भृतहरीगुफा से ऋणमुक्तेश्वर के बीच सुगम यातायात प्रबंधन के लिए 2 लेन मार्ग, गढ़कालिका मंदिर से पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि तक 2 लेन मार्ग को स्वीकृति प्रदान की गई।

### पर्यटन विभाग को सौंपा जाएगा ग्रांड होटल परिसर

बैठक में क्षिप्रा नदी पर 122 करोड़ रूपए लागत से लगभग 9 किलोमीटर लंबाई के घाटों के उन्नयन कार्य, छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज पर पार्किंग, प्लाजा व दुकानों के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रांड होटल परिसर को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से अधिकारियों और स्टाफ क्वार्टर निर्माण तथा शहर के प्रमुख मार्गों के सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों के लिए पंवासा में भूखंड आवंटन के लिए अधोसंरचना विकास के उद्देश्य से आवश्यक अधोसंरचना सुविधाएं विकसित करने के लिए 10 करोड़ 34 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

### 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा जाएगा

मंत्री-मण्डलीय समिति की चतुर्थ बैठक में क्षिप्रा नदी के पश्चिमी भाग पर सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र को आने वाले सभी मार्गों को कनेक्ट करते हुए नदी के पास स्थित मंदिरों और सभी घाटों को जोड़ने वाले एमआर-22 को स्वीकृति प्रदान की गई। लगभग 194 करोड़ रूपए लागत से बनने वाले 12 किलोमीटर लंबे 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा जाएगा और सिंहस्थ के दौरान इसका बस रैपिट ट्रांजिट के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इसी प्रकार सिंहस्थ बायपास से रामघाट तक पहुंचने के लिए बड़नगर रोड के विकल्प के रूप में कार्तिक मेला ग्राउण्ड से नईखेड़ी मार्ग को अनुमोदन प्रदान किया गया।

मुंबईकरों के लिए बड़ी राहत

## खत्म होगा मनोज जरांगे का मराठा आंदोलन, सरकार ने मानीं मांगें

मुंबई। मराठा क्रांति मोर्चा के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने मंगलवार देर रात बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनकी प्रमुख मांगों को मानने के बाद आंदोलन समाप्त किया जाएगा। उन्होंने उपवास खत्म करने की भी घोषणा की और कहा कि हम जीत गए हैं। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने जरांगे की सभी अहम मांगों पर सहमति जताई है। इसमें हैदराबाद राजपत्र को तत्काल लागू करने, सतारा राजपत्र को एक महीने के भीतर लागू करने, मराठा-कुनबी को एक करने की प्रक्रिया तेज करने, दर्ज मामलों को वापस लेने और प्रदर्शन के दौरान जान गंवाने वाले 5 प्रदर्शनकारियों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। राज्य मंत्रिमंडल की उप-समिति ने मंगलवार को जरांगे से मुलाकात की और नया मसौदा पेश किया। सरकार की ओर से आश्वासन मिलने के बाद हाईकोर्ट ने भी आजाद मैदान में 3 सितंबर तक आंदोलन की



अनुमति दी थी।

### आधिकारिक घोषणा के बाद लौट जांएगे गांव

जरांगे ने कहा कि जैसे ही सरकारी प्रस्ताव (जीआर) आधिकारिक तौर पर जारी होगा, आंदोलन खत्म कर गांव लौटेंगे और पूरे राज्य में जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि यह जीत केवल उनकी नहीं बल्कि पूरे मराठा समाज की है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में हर गांव में जश्न का माहौल होगा और लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता खत्म होगी।

## बिहार में सत्ताधारी दल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त : दिग्विजय सिंह

**पटना।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार में भागीदार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जहाँ भी डबल इंजन की सरकार है, वहाँ भ्रष्टाचार एक व्यापार की तरह फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में सत्ताधारी दल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कांग्रेस नेता का यह बयान उस समय में आया है जब बिहार में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर या नवंबर में होने की संभावना है। पत्रकारों के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हाइड्रोजन बम वाली टिप्पणी के बारे में पूछने पर, दिग्विजय सिंह ने कहा कि हाइड्रोजन बम का इंतजार कीजिए। राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया था कि वह जल्द ही बीजेपी के खिलाफ वोट चोरी के आरोपों पर एक बड़ा खुलासा करूंगा।

भारत-अमेरिका संयुक्त युद्ध अभ्यास 2025 अलास्का में शुरू

## टैरिफ से उपजे तनाव के बीच रिश्तों की नई तस्वीर आई सामने



**अलास्का।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ के फैसले से उपजे तनाव के बीच भारत और अमेरिका की सेनाएं अलास्का में संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही हैं। यह संदेश है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दोनों देशों के बीच रणनीतिक विश्वास बरकरार है और सहयोग लगातार बना हुआ है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन 1 से 14 सितंबर तक अलास्का के फोर्ट वेनराइट में आयोजित भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास ह्ययुद्ध अभ्यास 2025 में हिस्सा ले रही हैं।

### क्या होगा अभ्यास में?

इस अभ्यास के दौरान हेलीकॉप्टर आधारित अभियान और पर्वतीय युद्ध, निगरानी संसाधनों और मानवरहित हवाई सिस्टम (यूएएस) का उपयोग, रॉक क्राफ्ट, युद्ध चिकित्सा सहायता और हताहतों को निकालने के तरीके, तोपखाना, विमानन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों का संयुक्त इस्तेमाल, कम्युनिकेशन वारफेयर और लॉजिस्टिक सपोर्ट और लाइव-फायर अभ्यास और हाई-एल्टीट्यूड वारफेयर के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास का समापन होगा।

### रणनीतिक महत्व

यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जबकि हाल ही में अमेरिकी पनडुब्बी सहायता जहाज यूएसएस फ्रैंक केबल चेन्नई पहुंचा था। वहां भारतीय पनडुब्बी आईएनएस सिंधुविजय के साथ मिलकर मरम्मत और रखरखाव की क्षमता का प्रदर्शन किया गया था।

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए जरूरी खबर, 8वें वेतन आयोग पर ये है नया अपडेट

**नई दिल्ली।** 8वें वेतन आयोग के गठन को इसी साल 16 जनवरी 2025 को केंद्र ने हरी झंडी दी थी। हालांकि, इसके संदर्भ की शर्तें (टीओआर) और मेल-बैठक की पूरी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। रिपोर्टों के मुताबिक, 8वां वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद है। लेकिन वास्तविक कार्यान्वयन वित्तीय साल 2027 तक हो सकता है, इसकारण कर्मचारियों में उस बढ़त का इंतजार बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर के आखिर या नवंबर की शुरूआत में पैनल का गठन हो सकता है। बता दें कि पैनल गठन होने के बाद फिटमेंट फैक्टर पर भी चीजें साफ हो जाएंगी। इसके अलावा डीए मर्ज, नए पे-मैट्रिक्स और पेंशन की पूरा कैलकुलेशन भी आगे बढ़ेगा। हालांकि, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। हाल ही में नेशनल काउंसिल ज्वाइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (एनसी-जेसीएम) के शिव गोपाल मिश्रा, सचिव (स्टाफ साइड) ने बताया कि 8वां वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू होना चाहिए।

## बिहार में नारी शक्ति को साधने में जुटे नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई ऐतिहासिक फैसले हुए। बैठक में कुल 48 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और सरकारी कर्मचारियों को सीधी राहत देने वाले निर्णय प्रमुखता से रहे। सबसे बड़ा फैसला मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाह्न को लेकर हुआ। ग्रामीण विकास विभाग को 20 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति किए गए है, जिससे जीविका से जुड़ी महिलाओं को उनके बैंक खातों में शुरूआती तौर पर 10-10 हजार रुपये दिए जाएंगे। रोजगार का मूल्यांकन होने के बाद महिलाओं को दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध होगी। नीतिश मंत्रिमंडल ने 7 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी। ये कॉलेज किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा में खुलने है। लक्ष्य है कि राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू किया जाएं। बैठक में विभिन्न विभागों में 3233 नए पदों के सृजन पर मुहर लगी। इसमें अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के तहत 40 आवासीय विद्यालयों में 1800 पद, इंजीनियरिंग कॉलेजों में 237 पद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व बजट शाखा में 25 पद और सुवास सेल में 15 पद शामिल हैं।

## रेप केस में फरार विधायक ने दिल्ली आप टीम पर लगाया दबाव डालने का आरोप

### पंजाब पुलिस गिरफ्तार करने उनके रिश्तेदार के घर पहुंची लेकिन पकड़ नहीं सकी

**चंडीगढ़।** क्या आम आदमी पार्टी में पंजाब बनाम दिल्ली की जंग छिड़ गई है? इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं और विपक्षी दल तो हमेशा आरोप लगाते हैं कि पार्टी की दिल्ली टीम भगवंत मान सरकार पर हावी है और उन्हें काम नहीं करने दे रही है। इस बीच दुष्कर्म के आरोपी फरार विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी ऐसे ही बातें की हैं। उन्हें पंजाब पुलिस करनाल में गिरफ्तार करने उनके एक रिश्तेदार के घर तक पहुंच गई थी, लेकिन वह वहां से भाग निकले। जानकारी के मुताबिक इससे पहले ही एक वीडियो जारी कर पठानमाजरा ने आरोप लगाया था कि आप की दिल्ली टीम उन्हें दबा रही है। पठानमाजरा ने गिरफ्तारी से पहले एक वीडियो जारी कर कहा था कि पंजाब पुलिस ने उनकी पूर्व पत्नी



से जुड़े एक पुराने मामले में दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। इस तरह उनका आरोप है कि उन्हें जानबूझकर फंसाने के लिए एक पुराने मामले खोले गए हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी टीम पंजाब पर हावी होने की कोशिश कर रही है और उनकी आवाज दबाई जा रही है। उन्हें उनके करनाल में रहने वाले एक रिश्तेदार गुरनाम सिंह लाडी के यहां गिरफ्तार करने के लिए पंजाब की पुलिस पहुंची थी। लाडी हरियाणा में सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य हैं और उनका राजनीतिक वजूद भी है। बता जा रहा है कि पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची तो पठानमाजरा और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में फरार हो गए, जिनमें से पुलिस ने फॉर्च्यूनर को बरामद कर लिया है, जबकि पुलिस टीम स्कॉर्पियो में फरार विधायक का पीछा कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि विधायक घर की दीवार फांदकर उस वक्त भाग निकले, जब पुलिस अंदर आ ही रही थी। हालांकि किसी भी तरफ से किसी तरह की फायरिंग नहीं हुई। पुलिस ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन पकड़ नहीं सकी। फिलहाल पठानमाजरा की तलाश जारी है। बता दें पठानमाजरा पर 2022 में उनकी दूसरी पत्नी गुरप्रीत कौर ने पहली शादी छिपाने और मारपीट का आरोप लगाया था।

## लगातार आठवां दिन स्थगित रही श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में लगातार खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा मंगलवार को भी भी स्थगित रही। यह लगातार आठवां दिन था जब यात्रा रोकी गई थी। लगातार बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण एहतियात के तौर पर कटरा से यात्रा रोक दी गई है। खराब मौसम और भूस्खलन की वजह से सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। बात दें कि प्रशासन और श्राइन बोर्ड के अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत का काम चल रहा है। 27 अगस्त को हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत के बाद, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घटना की जांच के लिए एक तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति दो हफ्तों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी जम्मू-कश्मीर का दौरा कर बाढ़ और पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की है। यात्रा कब शुरू हो सकती है? अभी यात्रा फिर से शुरू होने की कोई निश्चित तारीख नहीं जाहिर की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंप की जांच, स्टॉक अंतर पाए जाने पर 4900 लीटर पेट्रोल जप्त

**विदिशा (निप्र)।** में. डी एस लोधी किसान सेवा केंद्र पर प्राप्त शिकायत की जांच कार्रवाई की गई है। एक उपभोक्ता द्वारा शिकायत की गई थी कि इंडियन पेट्रोल पंप ठर्र पर एक उपभोक्ता द्वारा पेट्रोल डलवाया था 2 किलोमीटर चलने के बाद गाड़ी बंद हो गई फिर धक्का देकर पालकी गांव में गाड़ी दिखाई जिसमें गाड़ी के टैंकर में पानी निकला पाया गया। प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच टीम द्वारा पेट्रोल पंप की जांच की गई जिसमें टैंक में डिप रोड में केमिकल लगाकर पानी की जांच करने पर टैंक में पानी नहीं पाया गया , स्टॉक सत्यापन पर पेट्रोल के स्टॉक में अंतर पाया गया है जिसके फलस्वरूप 4900 लीटर पेट्रोल जप्त किया गया है जिसकी कीमत 533626 रूपये है। पंप पर नापतौल इंस्पेक्टर द्वारा जांच करने पर सत्यापन का सर्टिफिकेट नहीं पाया गया जिसका प्रकरण तैयार किया गया। पंप पर आवश्यक सुविधाओं (निशुल्क हवा मशीन नहीं पाई), स्टॉक पंजी नहीं पाई गई। उक्त स्थिति का पंचनामा तैयार किया गया और कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया किया जाएगा।

### सांची विश्वविद्यालय में खेलों का शुभारंभ राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज, कैरम और वादविवाद प्रतियोगिता

**रायसेन (निप्र)।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उद्घाटन सत्र में कुलसचिव श्री विवेक पाण्डेय ने खेलों के महत्व को शास्त्रों से जोड़ते हुए बताया कि शरीर माध्यम खेलां धर्मः साधना। उन्होंने कहा कि अपने छात्र जीवन में सभी छात्रों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में खेलते हुए बिताना चाहिए। कुलसचिव ने आह्वान किया कि यदि छात्र खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और पढ़ाई भी उतनी ही एकाग्रता से कर सकेंगे। श्री विवेक पाण्डेय ने कहा कि खेल, तनाव को दूर करते हैं और मैदानों से जुड़ने से बच्चे-युवा, पुरुष-महिला सभी मोबाइल टाइम कम कर सकते हैं। साथ ही निरोगी काया भी हासिल होगी। तीन दिवसीय खेल महोत्सव में विश्वविद्यालय के पीएचडी, एम.ए, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राएं शतरंज, कैरम और वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री हरीश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि खेलों से शरीर सशक्त, मन शांत और भावना संतुष्ट होती है। इस दौरान कार्यक्रम संचालक श्री हरीश कुमार असाटी ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ का संदेश भी पढ़ कर सुनाया। प्रो. लाभ ने सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस पर बधाई दी और कहा कि खेल, स्वस्थ रहने का मंत्र हैं और प्रत्येक छात्र और कर्मचारी को रुचि लेकर खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। खेलों की विधिवत शुरुआत में शिक्षा में खेलों की उपयोगिता विषय पर वाद-विवाद में एम.ए इंडियन पेंटिंग के छात्र अंकित भार्गव, पीएचडी इंग्लिश की शोधार्थी आशिमा अरोरा, पीएचडी इंडियन फिलॉसफी के शोधार्थी अंकित समाधिया ने विपक्ष में और पीएचडी अंग्रेज़ी के शोधार्थी तिलक बैरागी, एम.एस.सी योगा के छात्र मनीष जायसवाल, एम.ए इंडियन पेंटिंग की निहारिका सिंह ने पक्ष में अपने मत रखे। सांची विश्वविद्यालय में शनिवार को कैरम और रविवार को शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

### अवैध रूप से संचालित प्रायवेट क्लिनिक सील्ड



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी को निर्देशित किया है कि जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार से खिलवाड़ न हो इसके लिए जिले में एक भी अवैध क्लिनिक संचालित ना हो इसके लिए सूचना तंत्र उन्नत करते हुए निरीक्षण की सघन कार्य किए जाएं उन्होंने इसके लिए दल गठित करने हेतु ताकिद किया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में जांच पड़ताल सतत जारी है।इसी कड़ी के तहत तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विदिशा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम अहमदानगर में अवैध रूप से संचालित एक प्रायवेट क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि क्लिनिक का संचालन अरुण विश्वास द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेज एवं अनुमतियों के किया जा रहा था। संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया तथा क्लिनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर संपूर्ण कार्यवाही का प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण किया

**विदिशा (निप्र)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री शेख सलीम ने शनिवार 30 अगस्त को जिला जेल विदिशा का प्रथम निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री जी.सी. शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रमाकांत भारके, न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला रजिस्टार श्री संतज श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेंद्र सिंह तोमर तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सुरजीत सिंह सिकरवार, श्री अनिमेष तिवारी और श्री विनोद कुशवाह उपस्थित रहे। निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर के दौरान जेल अधीक्षक श्री प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश श्री शेख सलीम ने बंदियों से मुलाकात कक्ष, रसोई घर एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा यह भी जाना कि सभी बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध हैं या नहीं। जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए गए।

# केंद्रीय मंत्री श्री चौहान वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी में शामिल हुए

## नैनो उर्वरक का उपयोग करें किसान, कृषि का विविधीकरण करें - केंद्रीय मंत्री श्री चौहान



**विदिशा (निप्र)।** केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा के सांची रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित वृद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम और उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने नैनो उर्वरक के फायदे यूरिया, डीएपी पर दिए जा रहे अनुदान सहित अन्य फायदों के बारे में किसानों को बताया। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती कार्य में नैनो उर्वरक का उपयोग करना चाहिए जो की फायदेमंद है। केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हित में खड़ी है कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसके प्राण हैं उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है इसलिए किसानों के हित में हर संभव कार्य किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेती को लाभ का धंधा कैसे बनाएं कैसे हम उत्पादन बढ़ाया और लागत घटाएं इसके लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ लेते हुए कृषि का विविधीकरण अपनाना होगा किसानों को दलहनी फसलों की खेती भी करनी होगी साथ ही साथ प्राकृतिक खेती की ओर भी बढ़ना होग। इसीलिए आज इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे साथ ही साथ उन्होंने किसानों से पशुपालन के क्षेत्र में कार्य करने का भी आवाहन किया इफको को भी उन्होंने धन्यवाद दिया कि वह इस तरह के आयोजन कर रही है अभियान के माध्यम से अब गांव जाकर भी किसानों को नैनो उर्वरक की उपयोगिता से होने वाले फायदे से अवगत कराया जाएगा जिससे किसानों के पैसे बचेंगे और खेती लाभ का धंधा बनेगी। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में भी स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि हम देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदेंगे तो देश के लोगों को रोजगार मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी इसलिए स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें विदेशी वस्तुएं न खरीदें। कार्यक्रम को इफको के उपाध्यक्ष श्री बलवीर सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान इफको के निदेशक श्री योगेंद्र कुमार, कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे, श्री महाराज सिंह दांगी, श्री राकेश जादौन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण, कृषि और संबद्ध विभागों के अधिकारी गण और बड़ी संख्या में किसान बंधु मौजूद रहे।

### सुपोषण किट का वितरण

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान मंच से ही कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट का वितरण भी किया है। जिला प्रशासन की पहल पर कुपोषित बच्चों को पोषित करने के उद्देश्य से इन बच्चों को सुपोषण किट का वितरण किया जाता है, ताकि बच्चे स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत हो सकें।

### किसानों को वृक्ष दिए

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण के प्रति एक विशेष पहल करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों को चार-चार पौधे भेंट किए हैं, जो किसान बंधु अपने खेतों में लगाएंगे और उन्हें संरक्षित रखेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने मंच से किसानों को चार प्रजाति आम, अमरूद, नीम और नींबू के वृक्ष भेंट किए हैं।



### कम्यूनिटि हेल्थ ऑफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल के सभाकक्ष में शनिवार को कम्यूनिटि हेल्थ ऑफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने समीक्षा बैठक में सीएचओ द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान अंतर्गत कम उपलब्धि वाले हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पोहर, विजयग्राम, गोरेगांव, चिलकापुर, बोथिया, थपोड़ा एवं सिकल सेल में कम उपलब्धि वाले हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर केरपानी, डेढपानी एवं पिपरिया के सीएचओ को शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। डॉ हुरमाड़े ने कहा कि कि जिन लोगों की स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी आपको दी गई है उन्हें ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें, क्षेत्र में निमोनिया, कुपोषण से किसी भी बच्चे की मृत्यु न हो। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सीएचओ अपने निर्धारित मुख्यालय पर निवास करें, सार्थक एप पर प्रतिदिन अपनी उपस्थित अनिवार्य रूप से दर्ज करें, तभी आपका वेतन आहरण किया जाएगा। डॉ हुरमाड़े ने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हाई रिस्क प्रिगनेंसी वाली माताओं को जांच के लिए शिविर में अनिवार्य रूप से लाने के निर्देश दिए।

# विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

## कार्यक्रमों में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी और नागरिक हुए शामिल

**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिलेभर में तीन दिवसीय खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत राष्ट्रीय खेल दिवस के दूसरे दिन 30 अगस्त को जिलेभर में अनेक खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक एवं खिलाड़ी शामिल हुए। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिलेभर में किए गए इन आयोजनों का उद्देश्य नागरिकों में खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिले के विभिन्न स्थानों पर खेलों का आयोजन किया गया। स्कूलों, कॉलेजों, और



सामुदायिक केंद्रों में बच्चों और युवाओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ हुईं। इनमें दौड़, कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, और वॉलीबॉल जैसी गतिविधियां प्रमुख रही। बुधनी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री रमाकांत भार्गव ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की एकता, शक्ति और युवा शक्ति का प्रतीक भी हैं। कार्यक्रमों में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। इन पुरस्कारों से खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जिले के नागरिकों में खेलों को लेकर एक नई ऊर्जा देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने अपनी भागीदारी दिखाते हुए जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके साथ ही कार्यक्रमों में सभी को खेल गतिविधियों से जुड़कर स्वास्थ रहने की शपथ भी दिलाई गई।

### जिला जेल विदिशा में हुआ आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

**विदिशा (निप्र)।** आपदा प्रबंधन जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला जेल विदिशा में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसक उद्देश्य आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा जेल प्रशासन, बंदियों एवं सुरक्षा बलों को आपदा से निपटने हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ श्री मयंक कुमार जैन एवं जिला जेल अधीक्षक श्री प्रियदर्शन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। इसमें होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों ने भाग लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। एसडीईआरएफ के विशेषज्ञ जवानों ने आगजनी, भूकंप, बाढ़, विद्युत दुर्घटना, सर्पदंश एवं आकस्मिक घटनाओं में बचाव एवं राहत कार्य की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। प्लाटून कमांडर सुश्री रश्मि दुबे के नेतृत्व में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल एवं प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि संकट की स्थिति में संयमित रहते हुए सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, संचार व्यवस्था बनाए रखने तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग की प्रक्रिया कैसे अपनाई जाएं। बंदियों को विपरीत परिस्थितियों में इंप्रोवाइज तकनीक से प्लास्टिक की खाली बोतल से लाइफ जैकेट, ट्यूब से लाइफ बॉय , बांस की गठरी से बचना, प्लास्टिक की गगरी से बचना आदि तरीकों से बचाव सामग्री बनाना सिखाया गया। इसके अतिरिक्त कंबल की मदद से स्ट्रेचर, टू हैंड शीट, थ्री हैंड शीट, फॉर हैंड शीट बना कर घायलों को एम्बुलेंस अथवा अस्पताल तक लेना सिखाया गया।

### रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन हुआ

**विदिशा (निप्र)।** युवाओं को निजी कंपनियों के विभिन्न पदों पर चयन करने तथा शासकीय योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से ष्शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, सिरोंजष् में सिरोंज नगरपालिका अध्यक्ष श्री मनमोहन साहू के मुख्य आतिथ्य में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सिरोंज नगरपालिका अध्यक्ष श्री मनमोहन साहू विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, सिरोंज श्री राकेश शर्मा, श्री रामप्रकाश साहू सीएमओ सिरोंज, श्री एलसीराजपूत, प्राचार्य एलबीएस कॉलेज, सिरोंज द्वारा दीपप्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सेक्टर की कुल 12 कम्पनियों द्वारा पंजीकृत 482 आवेदकों में से 157 आवेदकों का प्रारम्भिक चयन किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 863 हितग्राहियों को 06.04 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री अशोक श्रीवास्तव एवं जिला रोजगार अधिकारी श्री एबी खान द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुये विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार अन्य विभागों द्वारा भी उनके द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री विनय शंकर तिवारी, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरोंज, श्रीमती आकांक्षा महावरिया जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत विदिशा, श्री अनूप दुबे प्रबंधक, सुश्री शिवानी सिंह सहायक प्रबंधक, सुश्री रितु साहू सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा, श्रीमती संगीता जायसवाल सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक श्री आलोक रावत एवं श्री अमरेश सिंह, श्री अनुरूप चतुर्वेदी रोजगार कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रायसेन में मिनी मैराथन आयोजित की गई

**रायसेन (निप्र)।** म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार रायसेन में हाकी के सर्वकालीन महान खिलाड़ी पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद जी की 120वी जयंती राष्ट्रीय खेल उत्सव के अंतर्गत रायसेन में मिनी मैराथन आयोजित की गई। जिसे सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मिनी मैराथन जिला खेल परिसर से प्रारंभ होकर शासकीय केंद्रीय विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय, सागर तिराहा होते हुए जिला खेल परिसर पर संपन्न हुई। मिनी मैराथन में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पांडे ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एंव फिट इंडिया की शपथ सभी प्रतिभागियों को दिलायी। इस अवसर पर सॉची विधायक डॉ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकुद मनुष्य जीवन में आवश्यक है। शारीरिक गतिविधियों से मनुष्य स्वस्थ व तंदुरुस्त बना रहा था। पूर्व केबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा किहम रायसेन ज़िले में बड़े स्तर पर खेल आयोजन का खाका तैयार कर रहे हैं




जिससे खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री डीडी रजक सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मिनी मैराथन में बालक वर्ग में प्रथम स्थान धर्मेन्द्र जाटव सिलवानी, द्वितीय स्थान चन्द्रेश बैरागी सॉची एवं तृतीय स्थान सत्यम पवार सॉची ने प्राप्त किया। जिसमें प्रथम पुरूस्कार 3300/- यह राशि श्री चेतन शर्मा के द्वारा पुरूस्कार के रूप में दी गयी, इसी तरह द्वितीय पुरूस्कार की राशि 2200/- श्री रवि गुरूनानी के सौजन्य से और तृतीय पुरूस्कार की राशि 1100/- श्री कमलेश राजपूत जी के माध्यम से दी गई । इसी तरह बालिक वर्ग से प्रथम शोभा भील, सॉची राशि रू. 3300/- यह राशि श्री शैलेन्द्र बघेल के सौजन्य से दी गई। इसी तरह बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान कु. शालनी मालवीय राशि रू 2200/- पुरूस्कार की गई यह राशि श्री हरीनारायण अहिरवार एवं तृतीय स्थान पर लतिका मालवीय रानी दुर्गावती छात्रावास को 1100/- रू दी गई यह राशि लॉन टेनिस क्लब रायसेन के द्वारा दी गई थी । खेल उत्सव के तृतीय दिवस दिनांक 31 अगस्त को साइकल रैली का आयोजन किया जाएगा।

# हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान, केंद्रीय मंत्री ने साइकिल रैली में चलाई साइकिल

## स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं, देश में बनी वस्तुएं ही खरीदें नागरिक - केंद्रीय मंत्री श्री चौहान

**विदिशा (निप्र)।** मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान की थीम पर एसएटीआई विदिशा से आयोजित साईकल रैली में केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए, उन्होंने स्वयं एसएटीआई परिसर से स्वामी विवेकानंद तिराहे तक साइकिल चलाकर खेल गतिविधियों में हिस्सा लेकर फिट रहने का संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान एसएटीआई से साइकिल चलाते हुए नगर के नीमताल, बस स्टैंड से होते हुए स्वामी विवेकानंद चौराहा पहुंचे, इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने भी इस रैली में साइकिल चलाई है। इसके पहले केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने एसएटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फिट वही रहते हैं जो हिट रहते हैं। प्रधानमंत्री जी ने भी देश को फिटनेस का मंत्र दिया है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने बच्चों और बड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि फिट रहने के लिए तेल से निर्मित चीजों को ना खाएं शरीर को स्वस्थ बनाए रखें, इसके




लिए खेल गतिविधियों में हिस्सा भी लें। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने इस दौरान बताया कि अब विदिशा संसदीय क्षेत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें पूरे संसदीय क्षेत्र की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए पहले गांव-गांव के खिलाड़ियों के मध्य मुकाबला होगा जो टीम जीतेंगी वह तहसील स्तर पर पार्टिसिपेट करेंगी और तहसील स्तर पर जीतने वाली टीमें जिला स्तर पर खेल गतिविधियों में हिस्सा लेंगी। संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, जिसमें चार प्रतियोगिताएं क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो और कुश्ती प्रतियोगिता शामिल होगी। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने मेजर ध्यानचंद जी के जीवन पर भी विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अद्भुत जादूगर थे, हॉकी के खेल में उन्होंने देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान विदिशा जिले के नागरिकों से मंच से ही स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर हम सभी को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की आवश्यकता है, यदि हम देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदेंगे तो देश के लोगों को रोजगार मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस अवसर पर साइकिल रैली में कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे, श्री महाराज सिंह दांगी, श्री राकेश जादौन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई है।

### कलेक्टर–एसपी ने चलाई साइकिल

मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में ष्हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तानष् की थीम पर आयोजित इस साइकिल रैली में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया सहित अन्य अधिकारियों ने भी साइकिल चलाई है उन्होंने साइकिल रैली के लिए निर्धारित रूट पर साइकिल चलाकर जागरूकता का संदेश दिया है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन

**बैतूल (निप्र)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 29 अगस्त से 31अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत 30 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक श्री निश्चल झारिया के निर्देशन में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्रसारित यूट्यूब के माध्यम से लाइव सेमिनार का प्रसारण खिलाड़ियों को दिखाया गया। इसी प्रकार जिले के समस्त ब्लॉक स्तर पर भी सेमिनार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित सेमिनार में स्पोर्ट्स साइंस सेमिनार का आयोजन किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें अधिक से अधिक पौधरोपण

## रायसेन स्थित शास. शिक्षा परिसर में कन्या फल उद्यान बनाने रोपित किए गए फलदार पौधे

**विधायक डॉ चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की दिलाई शपथ**




दैनिक भेल पॉवर

**रायसेन।** रायसेन में स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, एसपी श्री पंकज कुमार पांडे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप प्रत्येक नगर में एक नगर वन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में यहां कन्या शिक्षा परिसर में आज एक हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। यह सभी पौधे फलदार वृक्ष बनेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता है और हम सभी की जिम्मेदारी भी। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए और उस पौधे की वृक्ष बनने तक देखभाल और सुरक्षा करना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन के विकास के लिए 06 पैरामीटर पर्यावरण, स्वच्छता और सुंदरता, आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में बेहतर काम किया जा रहा है जिससे कि रायसेन विकास के मामले में आदर्श बनें। इसके साथ ही नवीन विकास कार्यो के लिए भी वह काम कर हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मॉं के नाम अभियान शुरू कर नागरिकों को पौधरोपण से जोड़ने का काम किया है। सभी को अपने परिजनों के नाम से, उनकी स्मृति में या जीवन के महत्वपूर्ण दिवसों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। आज शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण गया है। यह पौधे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तथा परिसर की हरियाली को ओर बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे ने कहा कि आज यहां व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हरित परिसर है। आज किए गए पौधरोपण से यह परिसर और भी मनोरम होगा। यह पौधे बड़े होकर फलदार वृक्ष बनेंगे। छात्राएं भी प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं और रोपित पौधों की देखरेख करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि एक बगिया मॉं के नाम अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को कृषि भूमि पर फलदार पौधों के रोपण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पीओ डूडा तथा रायसेन सीएमओ सुरेखा जाटव ने नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। **विधायक डॉ चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की दिलाई शपथ-** कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्राओं को दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने पर्यावरण को हरभरा बनाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने और पहले से लगे वृक्षों को कटने से बचाने के लिए लोगों को जागृत करने की शपथ दिलाई गई।

# भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा, भक्ति सबसे बड़ी शक्ति



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने दूसरे दिन की कथा में कहा कि भक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बताया कि जिसके पास भक्ति होती है, लक्ष्मी और सरस्वती भी उसके पीछे-पीछे आती हैं। उन्होंने कहा लक्ष्मी और सरस्वती भी वहीं जाती हैं, जहां सच्ची श्रद्धा होती है। दुनिया लक्ष्मी वाले के पीछे भागती है, लक्ष्मी सरस्वती वाले के पीछे भागती है, लेकिन जिसके पास भक्ति होती है, दुनिया, लक्ष्मी और सरस्वती सब उसके पीछे भागते हैं। पंडित मिश्रा ने लोगों को जीवन में भक्ति की शक्ति जगाने के लिए सत्संग और अच्छे विचारों को अपनाने की सलाह दी। **पहले माला, फिर माल-** पंडित मिश्रा ने माल और माला के बीच का अंतर समझाते हुए कहा कि मालामाल बनने के लिए पहले माला (भक्ति) को पकडना चाहिए, क्योंकि इससे माल (संतोष) अपने आप आ जाता है। लेकिन दुनिया इसका उल्टा करती है, जिससे माल और माला दोनों चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति की माला से जीवन में हमेशा संतोष रूपी माल बना रहता है। बता दें आज बुधवार को कथा के तीसरे दिन पंडित मिश्रा वामन अवतार का विस्तार से वर्णन करेंगे और उसकी झांकी भी सजाई जाएगी। वहीं डोल ग्यारस के पावन अवसर पर विठलेश सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# धूमधाम से निकली शिव बारात भूत पिशाच अघोरी ने खेली मसान की होली



दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** गणेश मंदिर सूरजपोल महाकाल ग्रुप के तत्वाधान में चार दिनों की प्रस्तुतियों में पहले दिन दिल्ली और इंदौर से आए कलाकारों द्वारा भगवान नरसिंह का वर्णन दिखाए जिसमें भक्ति के आगे भगवान को भी आना पड़ा नरसिंह अवतार में हिरण कश्यप का किया वध शहर में महाकाल मित्र मंडल ग्रुप द्वारा सूरजपोल गणेश मंदिर पर सजाया गया पंडाल जिसमें प्रतिदिन कलाकारों के द्वारा एक से बढकर. एक प्रस्तुतियाँ दिखाई जा रही है जों लोगो के मन का आकर्षण का केंद्र बन रही है ।जिससे नगर सहित दूर-दूर तक चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दोरान बीती शनिवार रात्रि को जहां मां गंगा प्रस्तुति में मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी का चरित्र दिखाया गया वही रक्तबीज को मार कर मां ने दिखाया रूद्र रूप मां को मनाने के लिए मां ने कुमकुम हल्दी कपूर से की मां की आरती वहीं मां के अनेक रूप का दर्शन माता की भिन्न-भिन्न रूपों से चामुंडा मां दुर्गा के पांच रूपों का वर्णन हुआ रविवार रात्रि कृष्ण की रासलीला फूलों की होली सुदामा चरित्र ग्वाल वालों सहित लठमार होली का वर्णन हुआ महाकाल ग्रुप से मिली जानकारी के अनुसार राधा अष्टमी पर मां राधा रानी और कृष्णा विशेष प्रस्तुतियां हुई वही सोमवार कार्यक्रम के अंतिम दिन शिव बारात शिव तांडव अघोरी नृत्य मंजुलिका का वर्णन हुआ जिसमें ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ शिव बारात निकाली गई बारात भूत पिशाच अघोरी ने खोली मसान की होली अघोरी नृत्य की प्रस्तुति हुई भगवान गजानन की आरती में प्रथम दिन जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव बब्बा गजानन की आरती की वही दूसरे दिन मोहल्ले के वरिष्ठ बुजुर्ग सहित महिलाओं ने बढ़ चढ़कर आरती में भाग लिया तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष कविता लोकेंद्र वर्मा पार्षद संतोष सोनी पार्षद रेखा अंकित साहू गजानन महाराज की आरती की वही सोमवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजू लता शिवहरे द्वारा आरती की गई मंगलवार संगीत में सुंदरकांड पाठ के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र बना द्वारा गजानन महाराज की आरती की गई समिति द्वारा मिली जानकारी अनुसार महा आरती और छप्पन भोग का विशाल आयोजन आगामी ग्यारस के बाद होगा।

## नदियों के उद्गम स्थल से जल से भरकर लाए कलश जनप्रतिनिधियों को सौंपे

दैनिक भेल पॉवर

*कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में स्थित विभिन्न नदियों के उद्गम स्थलों से जल से भरकर लाए गए कलशों को जनप्रतिनिधियों को सौंपा। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भदौरिया ने कहा कि रायसेन जिले में कई नदियों का उद्गम होता है। इन उद्गम स्थलों से नदियों का जल कलश में भरकर यहां लाया गया है तथा यह कलश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल को सौंपे जाएंगे। इन कलशों में झिरी बहेड़ा से निकली बेतवा नदी, ग्राम जलसंधि से निकली धसान नदी का जल, सियरमऊ से निकली बेबस नदी का जल, गैरतगंज से निकली बीना नदी का जल, अमरावदखुर्द से निकली रीछन नदी का जल, ग्राम पांझिर से निकली बारना नदी तथा तेन्दुनी नदी का जल है।*

# दशलक्षण धर्म के छठवें धर्म उत्तम संयम धर्म की पूजा अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया

## सुगंध दशमी पर्व पर मुनिश्री ससंघ के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर धूप का अर्घ समर्पित किया

**आत्मा का श्रंगार संयम है ?। संयम रुपी रत्न को बचाओ कषाय विषय रुपी चोरी से वह आपके आस पास घुम रहे हैं- मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज**



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** दस दिवसीय पयुर्षणमहापर्व में दशलक्षण धर्म के छठवें धर्म उत्तम*संयम धर्म* महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज के सानिध्य में श्रावक श्राविकाएं पंडित श्री राजेश जैन के निर्देशन में पूजा अर्चना कर सुगंध दशमी पर्व पर धूप का महा अर्घ समर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। सम्यक रूप में 'सम' अर्थात नियंत्रण करना इसे संयम कहते हैं। पांच व्रत, पांच समिति का पालन करना, क्रोधादि कषायो का निग्रह/ नियंत्रण करना और पञ्चेन्दर्यियो के विषयों को रोकना संयम है। उक्त उदगार मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के सभागार में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए धर्म सभा में उत्तम संयम धर्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संयम के दो प्रकार हैं - 1 प्राणी संयम - सभी जीवों की रक्षा की भावना रखना और दूसरा इन्द्रिय संयम पांचों इन्द्रियो को नियंत्रित रखना। संसार में सारे दुःखों का और आपत्तियों का एक मात्र कारण है इन्द्रिय असंयम। उन्हें जीतकर, उन पर विजय प्राप्त करना ही सुख का मार्ग है इसलिए कहा भी है कि "सम्यक धर्मोसयम ' संयम चारित्र धारण करने वाला ही संयम धर्म का पालन कर सकता है। आत्मा का श्रंगार संयम है ?। संयम रुपी रत्न को बचाओ कषाय विषय रुपी चोरी से वह आपके आस पास घुम रहे हैं । संयमी सदासुखी मुनिश्री ने कहा कि आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने रत्न करण्डक श्रावकाचार में बहुत अच्छी बात हमारे लिए कहकर गये हैं कि जिसका मोहरूपी अंधकार समाप्त हो गया है, जिसे सम्यग्दर्शन का लाभ होने से सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति सहज हो गयी है, इसके उपरान्त वह क्या करे? जब तक अंधकार का अभाव नहीं हुआ था, सम्यक्त्व का सूर्य नहीं उगा था, तब तक बिस्तर पर पड़े पड़े वह सोच रहा था और सोचना उसका ठीक भी था कि ज्यों ही सूरज का उदय होगा, अंधकार हटेगा त्यों ही उसके कदम आगे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ जायेंगे। अब जब प्रकाश हो गया, अंधकार हट गया तो अब क्या करें? अब यह कहने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए कि क्या करें? जीवन की उन्नति का विचार रखने वाले के लिए प्रकाश अपने आप बता देता है कि क्या करना आवश्यक है? ठीक ऐसे ही जैसे कि मंदाग्नि समाप्त होने पर भूख लगती है और अपने आप ज्ञात हो जाता है कि मुझे क्या करना है? सम्यग्दृष्टि को तो यह पूछने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती कि अब क्या करना है? शान्तिनाथ भगवान् की स्तुति करता हु । आत्मा का श्रंगार संयम है ?। संयम रुपी रत्न को बचाओ कषाय विषय रुपी चोरी से वह आपके आस पास घुम रहे हैं । सुगंध दशमी महापर्व यह पर्व भाद्र पद मास शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जल उपवास भी रखतीं हैं। श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर स्थित कस्बा में सुगंध दशमी पर्व पर दोपहर में मुनिश्री अक्षयसागरजी महाराज के सानिध्य में पंडित राजेश जैन के निर्देशन में श्रावक श्राविकाओ ने विशेष पूजा अर्चना कर धूप , चन्दन अर्घ समर्पित किया। विद्वान पंडित राजेश जैन ने बताया कि जैन धर्म में सुगंध दशमी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। यह व्रत जीवन में सुगंध की तरह पवित्रता और पुण्य फैलाने का प्रतीक है ?सुगध दशमी का व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को किया जाता है। मान्यता है कि इसे करने से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और जीवन में सुख समृद्धि आती है।

# जिपं. की सामान्य सभा की बैठक आयोजित, विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया। इस पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे ब्लॉक और ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें करें और विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त बैठक में जिले के सभी स्कूलों और छात्रावासों में पेयजल की टंकियों की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन सहित सभी जिला पंचायत सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# गुंडगर्दी कर अड़ीबाजी करने वाला बदमाश 12 घंटे में गिरफ्तार, पहुंचा जेल



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** मंडी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अड़ीबाजी करने और मारपीट करने वाले एक बदमाश को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक धारदार तलवार और वारदात में इस्तेमाल बेल्ट भी जब्त किया गया है। बता दें एक सितंबर को फरियादी अखिलेश योगी ने मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त की रात करीब 8 बजे जब वह माता मंदिर से अपने घर जा रहे थे, तभी साहू की आटा चक्की के पास हरसुल राठौर नामक व्यक्ति ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे न देने पर हरसुल ने उनके साथ मारपीट की और बेल्ट से हमला किया, जिससे फरियादी के कंधे और सीने पर चोटें आईं। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरसुल राठौर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बता दें आरोपी हर्सुल पर पुराने भी कई मामले कायम हैं। **अंडर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार-** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सीएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी मंडी ने आरोपी को पकडने के लिए एक टीम बनाई। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी हरसुल राठौर अंडर ब्रिज के नीचे गल्ला मंडी के पास घूम रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपी हरसुल उर्फ शुभम पिता राजू उर्फ राजेंद्र राठौर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध धारदार तलवार और घटना में इस्तेमाल की गई बेल्ट भी मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक और केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील मेहर, उपनिरीक्षक राकेश कुमार पंथी, पीएसआई सुनीता, उपनिरीक्षक जगदीश मर्शकोले, प्रधान आरक्षक उमेश वर्मा, संदीप शुक्ला, आरक्षक नेपाल सिंह, कृष्णपाल, तखत सिंह और अबू सूफियान की सराहनीय भूमिका रही।

# संभावित हादसों से बचने के लिए जर्जर मकानों को ध्वस्त करने का अभियान जारी



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर नगर पालिका और राजस्व विभाग द्वारा शहर में जर्जर हो चुके मकानों को खाली कराकर ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान घनी आबादी वाले इलाकों में स्थित उन सभी असुरक्षित इमारतों को निशाना बना रहा है, जिनके गिरने से जान-माल का नुकसान हो सकता है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि समय रहते ऐसे भवनों को खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और फिर उन्हें ध्वस्त कर दिया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही कलेक्टर श्री बालागुरु ने आम जनता से भी अपील की है कि वे खुद भी सतर्क रहें और जर्जर हो चुकी इमारतों में रहने से बचें।

# अधिकारी अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करते हुए गुणवत्तापूर्ण बिजली उपरोक्त काराएं- विद्युत वितरण कंपनी श्री क्षितिज सिंगल



दैनिक भेल पॉवर

**रायसेन।** राजस्व संग्रहण बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली दिए जाने, कृषि पंप का विद्युत भर सत्यापन कार्य 30 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिए गए। आज दिनांक 2 सितंबर 2025 को प्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री क्षितिज सिंगल द्वारा रायसेन व्रत की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में भोपाल क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक श्री अमृतपाल सिंह एवं महाप्रबंधक श्री प्रदीप सिंह चौहान मौजूद थे। बैठक में सभी संभागों के उपमहा प्रबंधक, सहायक प्रबंधक मौजूद थे। प्रबंध संचालक द्वारा समस्त राजस्व बिंदुओं पर सूक्ष्मता से अवलोकन कर राजस्व संग्रहण बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली दिए जाने हेतु प्रभावी संधारण कार्य करने के निर्देश समस्त अधिकारियों को प्रसारित किए गए उनके द्वारा समस्त व्रत अंतर्गत समस्त वितरण केंद्रों में सघन अभियान चलाकर समस्त कृषि पंपों का विद्युत भार सत्यापन का कार्य आगामी 30 दिवसों में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्युत मांग के अनुसार समस्त वितरण केंद्रों को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप नवीन कृषि घरेलू कनेक्शन बढ़ाने हेतु गंभीरता से कार्य करने हेतु निर्देश जारी किए गए, एम डी साहब द्वारा ग्रामों में स्थित बड़े घरों को चिन्हांकित कर उनके बिल की समीक्षा कर सही बिल जारी करने हेतु समस्त अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। आरडी एसएस प्रोजेक्ट अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों की स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता जांच किए जाने एवं उक्त कार्यों के मेजरमेंट के कार्य अभिलंब पूरे करने हेतु निर्देश दिए गए। एमडी साहब के द्वारा, बड़े बकायदारों के विद्युत कनेक्शन की जांच भी की गई जिनके कनेक्शन विद्युत बिल बकाया के कारण पूर्व से विच्छेद है, ऐसे विद्युत कनेक्शन के ऊपर ऊफअ की कराई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश समस्त उप महाप्रबंधकों को निर्देश जारी किए गए। प्रबंध संचालक द्वारा समस्त अधिकारियों से वातालाप कर उन्हें कार्य के दौरान आ रही कठिनाइयों के निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया।

# बीमा राशि और मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** सोयाबीन की फसल खराब होने और बीमा राशि न मिलने से नाराज किसान लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 10 दिनों से भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिलों के किसान अलग-अलग तरीकों से अपना विरोध जता रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम भेसावा नागिन और चांदनी के किसानों ने खेतों में उतरकर बीमा कंपनी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आज शाजापुर के ग्राम भेंसावा नागिन के किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर खेतों में रैली निकाली। उन्होंने बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और गांव में किसान महापंचायत भी आयोजित की। वहीं, ग्राम चांदनी में भी किसानों ने खराब फसलों के साथ खड़े होकर प्रदर्शन किया और सरकार से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की। किसानों का कहना है कि पीला मौजेक बीमारी ने उनकी फसलों को बर्बाद कर दिया है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

**प्रशासन की बेरुखी से किसान नाराज-** किसानों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह पहले भी उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली से खराब फसल लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकाली थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने जल्द से जल्द बीमा राशि जारी करने और सर्वे कराने की मांग की थी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचाए जिससे किसान हताश और नाराज हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी खराब फसलों का सर्वे नहीं कराया जाता और उन्हें बीमा राशि नहीं मिलती, तब तक सीहोर, भोपाल और शाजापुर जिलों में उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# भारत का आर्थिक मंथन और विकास का अमृत



गैस मूल्य निर्धार से संबंधी नए सुधारों - जिनमें कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की टोकरी से जोड़ा गया है और गहरे पानी एवं नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश की गई है - ने निवेश को बढ़ावा दिया है। हमारी ऊर्जा की कहानी सिर्फ हाइड्रोकार्बन की ही नहीं, बल्कि बदलाव की भी कहानी है।

भारतीय सभ्यता में अरसे से यह मान्यता रही है कि कामयाबी से पहले परीक्षा होती है। समुद्र मंथन, जहां मथने की प्रकिया से अमृत निकला था, इसी तरह हमारे आर्थिक मंथन ने भी हमेशा ही नवीनता का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्ष1991 के संकट से जहां उदारीकरण का जन्म हुआ; वहीं महामारी से डिजिटल उपयोग तेज हुआ। और आज, भारत को एक “मृत अर्थव्यवस्था” कहने वाले संशयवादियों के शोर-शराबे के बीच - तीव्र विकास, मजबूत बफर, और व्यापक अवसर - की एक तथ्यपरक कहानी उभर कर सामने आई है। जीडीपी के ताजा आंकड़ों पर जरा गौर करें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह वृद्धि दर पिछली पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि व्यापक हैः सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग 7.7 प्रतिशत, निर्माण 7.6 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र लगभग 9.3 प्रतिशत बढ़ा है। नॉमिनल जीडीपी में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोई मनमाने तरीके से बताई गई तेजी नहीं है। यह बढ़ते उपभोग, मजबूत निवेश और निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय व पूरी अर्थव्यवस्था में लागत कम करने वाले लॉजिस्टिक्स संबंधी सुधारों से हासिल नतीजों का सबूत है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। यह तेजी के मामले में दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं क्रमशः अमेरिका और चीन से भी आगे निकल गई है। वर्तमान गति से, हम इस दशक के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर बाजार-विनिमय के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हमारी गति वैश्विक स्तर पर मायने रखती है। स्वतंत्र अनुमान बताते हैं कि भारत पहले से ही वैश्विक वृद्धि में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने एक स्पष्ट लक्ष्य रखा है – सुधारों के मजबूत होने और नई क्षमताओं के सामने आने के साथ-साथ वैश्विक वृद्धि में हमारी हिस्सेदारी बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचे। विभिन्न बाजारों और रेटिंग एजेंसियों ने हमारे इस अनुशासन को मान्यता दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने मजबूत विकास, मौद्रिक विश्वसनीयता और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का हवाला देते हुए, 18 वर्षों में पहली बार भारत की “सॉवरेन रेटिंग” को उन्नत किया है। इस अपग्रेड से उधार लेने की लागत कम होती है और निवेशक आधार का विस्तार होता है। यह “मृत अर्थव्यवस्था” की धारणा को भी झुठलाता है। जोखिम के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने अपनी रेटिंग के साथ अपना मत दिया है। उतना ही महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर इस सबका लाभ किसे मिला है। वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच, 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकल आए हैं। यह बदलाव उन बुनियादी सेवाओं - बैंक खाते, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य बीमा, नल का जल और प्रत्यक्ष हस्तांतरण - की बड़े पैमाने पर आपूर्ति पर निर्भर है जो गरीबों को विकल्प चुनने का अधिकार देता है। दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र और उल्लेखनीय जनसांख्यिकीय चुनौतियों के बीच विकास का यह पैमाना बेहद खास है। विकास का भारत का यह मॉडल आम सहमति के निर्माण, प्रतिस्पर्धी संघवाद और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से अंतिम छोर तक सेवा प्रदान करने को महत्व देता है। यह घोषणा के मामले में धीमा, क्रियान्वयन के मामले में तेज और निर्माण की दृष्टि से टिकाऊ है। जब आलोचक हमारी तुलना तेज भागने वाले सत्तावादियों से करते हैं, तो वे इस तथ्य को



नजरअंदाज कर देते हैं कि हम मैराथन धावक की तर्ज पर लंबी दूरी तय करने वाली एक अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं। भारत के पेट्रोलियम मंत्री के रूप में, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा इस तीव्र विकास में किस प्रकार सहायक की भूमिका निभा रही है। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा तेलशोधक (रिफाइनर) और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। हमारी तेलशोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से अधिक है और इस दशक के अंत तक इसे 400 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से आगे बढ़ाने का एक स्पष्ट रोडमैप हमारे पास उपलब्ध है। भारत की ऊर्जा संबंधी मांग - जो 2047 तक दोगुनी होने का अनुमान है - बढ़ती वैश्विक मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगी, जिससे हमारी सफलता वैश्विक ऊर्जा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण सुरक्षा को सुधार के साथ जोड़ने का रहा है। तेल की खोज का क्षेत्र 2021 में तलछटी घाटियों के 8 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 16 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख वर्ग किलोमीटर करना है। तथाकथित “निषिद्ध” (नो-गो) क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की भारी कमी ने अपार संभावनाओं को जन्म दिया है, जबकि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) पारदर्शी व प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। गैस मूल्य निर्धारण से संबंधी नए सुधारों - जिनमें कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की टोकरी से जोड़ा गया है और गहरे पानी एवं नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश की गई है - ने निवेश को बढ़ावा दिया है। हमारी ऊर्जा की कहानी सिर्फ हाइड्रोकार्बन की ही नहीं, बल्कि बदलाव की भी कहानी है। वर्ष 2014 में इथेनॉल मिश्रण 1.5 प्रतिशत से बढ़कर आज 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत के बराबर हो गई है और किसानों को सीधे एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। सतत के तहत 300 से ज्यादा संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनका लक्ष्य 2028 तक 5 प्रतिशत मिश्रण का है और तेल से जुड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर कुछ जगहों में काफी शोरगुल हुआ है। आइए तथ्यों को इस शोरशराबे से अलग करके देखें। रूस की तेल पर ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल की तरह कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। यह जी7/ईयू मूल्य-सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे जानबूझकर राजस्व को सीमित रखते हुए तेल प्रवाह को बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे पैकेजों के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हरेक दौर का पालन किया है। प्रत्येक लेनदेन में कानूनी लदान (शिपिंग) एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारियों और लेखा-परीक्षण (ऑडिट) किए गए चैनलों का उपयोग किया गया है। हमने कोई नियम नहीं तोड़े हैं। हमने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है। कुछ आलोचकों का आरोप है कि भारत रूस के तेल के लिए एक “लौंड्रोमैट” बन गया है। इससे अधिक निराधार बात और कुछ नहीं हो सकती। भारत इस संघर्ष से काफी पहले दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और हमारे रिफाइनर विश्व भर से इस प्रकार के क्रूड का एक समूह बनाते हैं। निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय रखता है। वास्तव में, रूस के कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाने के बाद यूरोप ने भी भारतीय ईंधनों की ओर रुख किया। निर्यात की मात्रा और रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) मोटे तौर पर समान ही हैं। मुनाफे लेने का इसमें का कोई सवाल ही नहीं है। यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के बाद वैश्विक कीमतों में उछाल आने पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्णायक रूप से कदम उठाए। तेल से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर तक के नुकसान को सहन किया। सरकार ने केन्द्रीय और राज्य के करों में कटौती की और निर्यात से जुड़े नियमों ने यह अनिवार्य किया कि विदेशों में पेट्रोल और डीजल बेचने वाले रिफाइनर को घरेलू बाजार में कम से कम 50 प्रतिशत पेट्रोल और 30 प्रतिशत डीजल बेचना होगा। इन उपायों ने, काफी राजकोषीय लागत पर, यह सुनिश्चित किया कि एक भी खुदरा दुकान खाली न रहे और परिणामस्वरूप भारतीय घरों के लिए कीमतें स्थिर रहीं। बड़ा सच यह है कि वैश्विक तेल का लगभग 10 प्रातशत आपूर्ति करने वाले दुनिया के इस दूसरे सबसे बड़े उत्पादक का कोई विकल्प ही नहीं है। जो लोग उंगली उठा रहे हैं, वे इस तथ्य की अनदेखी करते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के अपने सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप भारत द्वारा सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने से 200 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के विनाशकारी झटके को रोका गया।

यह वही मेड इन इंडिया है जो विश्व दृष्टिकोण के लिए भारत में आकार ले रही नई औद्योगिक क्रांति को आकार देता है। इस औद्योगिक क्रांति में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और विशेष रसायन शामिल हैं - जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों (पीएलआई) और पीएम गतिशक्ति लॉजिस्टिक्स के सहारे संचालित हैं। सेमीकंडक्टर के उत्पादन में तेजी अब एक नए स्तर पर पहुंच रही है - जो नीतिगत गंभीरता और क्रियान्वयन का प्रमाण है। मंत्रिमंडल ने हाल ही में भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार अतिरिक्त सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है और प्रधानमंत्री का जापान में एक सेमीकंडक्टर उत्पादन केन्द्र का हालिया दौरा और जापान की निवेश संबंधी नवीनीकृत प्रतिबद्धताएं एक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित एक साझा रोडमैप को रेखांकित करती हैं।

# भारतीय ब्राह्मण और अमेरिकन ब्राह्मण के बीच तू-तू, मैं-मैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने भारतीय उद्योगपति जिसमें गौतम अडानी और मुकेश अंबानी शामिल हैं के लिए कहा, कि इन्होंने रूस से तेल खरीद कर भारी मुनाफाखोरी की है। उन्होंने भारतीय उद्योगपतियों को ब्राह्मण बताते हुए (अंबानी और अडानी) को मुनाफाखोर बताया है। नवारो ने कहा, रूस से तेल खरीद कर यूरोपीय देशों में बेचकर इन लोगों ने भारी मुनाफा कमाया है। अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाने के बाद भी रूस ने भारत के माध्यम से तेल बेचकर युद्ध लड़ा है। तेल की कमाई से रूस, यूक्रेन के साथ युद्ध लड़ रहा है। रूस का तेल यूरोपीय देशों को बेचा जा रहा है, जिसका फायदा भारतीय ब्राह्मणो को हो रहा है। भारत की जनता को तेल के इस खेल में नुकसान उठाना पड़ रहा है। कच्चा तेल रूस से सस्ते मे खरीदकर भारत की आम जनता को महंगे दामों में बेचा जा रहा है। आम भारतीय नागरिकों को महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ रहा है। भारतीय उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेट्रोल डीजल की बढी हुई कीमतों के कारण भारत के लोगों को महंगाई झेलनी पड़ रही है। उन्होंने भारत के नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा था, कि भारत, रूस के लिए धुलाई मशीन बनाकर रूस के अपराधों को साफ कर-के उसे लड़ाई लड़ने में मदद कर रहा है। भारत और रूस के बीच एक ऐसा गठजोड़ बन गया है, जिसका नुकसान यूक्रेन के साथ-साथ अमेरिका को भी उठाना पड़ रहा है। ट्रंप के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो के इस बयान की भारत में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई। कांग्रेसी नेता और प्रवक्ता, पवन खेड़ा ने कहा नवारो को इस तरह की विवादित टिप्पणी से बचना चाहिए। उन्होंने नवारो के इस तरह के निराधार बयान की निंदा करते हुए आपत्ति जताई है। पीटर नवारो और पवन खेड़ा के बयान के बाद बयान पर टीएमसी की सांसद सागरिका घोष कूद पड़ीं। उन्होंने कहा, अमेरिका और यूरोपीय देशों में अमीरों के लिए ब्राह्मण शब्द का उपयोग किया जाता है। ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने भारतीय उद्योगपतियों को ब्राह्मण कहकर संबोधित किया है। सारी दुनिया में अभिजात्य वर्ग के लिए अंग्रेजी भाषा में ब्राह्मण शब्द का ही उपयोग किया जाता है। भारत में मनुस्मृति की बात होती है। मनु स्मृति में वर्ण व्यवस्था है। वर्ण व्यवस्था में



ब्राह्मण को सर्वोच्च स्थान मिला हुआ है। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में अमीर और अभिजात्य वर्ग के लोगों को उनके ऐश्वर्या के कारण ब्राह्मण माना जाता है। इससे स्पष्ट हो गया है, ब्राह्मण एक ऐसा कुलीन वर्ग होता है। जो हमेशा से दुनिया के देशों में सर्वोच्च सम्मान के साथ बिठाया जाता है। ब्राह्मण ही आम लोगों पर धन संपदा के बल पर राज करता आया है। देश कोई भी हो, सभी जगह कुलीन वर्ग के धनी लोगों को ब्राह्मण ही माना जाता है। भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी वर्ण व्यवस्था के हिसाब से ब्राह्मण नहीं हैं। भारत की वर्ण व्यवस्था में वणिक समाज के होने के कारण भारत में इन्हें वैश्य माना जाता है। वैश्य को ब्राह्मण कह देने से भारत की वर्ण व्यवस्था पर अमेरिका का हमला माना जा सकता है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पीटर नवारो के बयान पर आपत्ति जताकर भारत की पुरातन संस्कृति की रक्षा की है? वहीं सागरिका घोष ने अंग्रेजी भाषा में अमीरों के लिए ब्राह्मण शब्द का उपयोग पर अपनी राय व्यक्त करके भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का काम किया है। इस आपत्ति के बाद निश्चित रूप से अमेरिका को ब्राह्मण शब्द को लेकर भविष्य में सतर्कता बरतनी चाहिए। नवारो ने अभी जो बयान दिया है।

## संपादकीय

# पंजाब में बाढ़ आखिर क्यों - क्या प्रकृति रुष्ट है?

पंजाब में बाढ़ को केवल प्राकृतिक आपदा कहना सही नहीं होगा। नदियों का स्वरूप, असामान्य बारिश और जलवायु परिवर्तन तो कारण हैं ही, लेकिन असली दोषी अनियोजित निर्माण, अवैध खनन, ड्रेनेज की उपेक्षा और धान-प्रधान कृषि पद्धति भी है। प्रकृति चेतावनी देती है, रुष्ट नहीं होती। यदि हम नदियों को उनका मार्ग दें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और फसल विविधिकरण अपनाएँ, तो बाढ़ की मार को कम किया जा सकता है। पंजाब को चाहिए कि वह पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर विकास की नई राह तय करे। पंजाब, जिसे देश की अन्नदाता भूमि कहा जाता है, आज बाढ़ की विभीषिका से बार-बार जूझ रहा है। खेत जलमग्न हो जाते हैं, गाँव डूब जाते हैं, सड़कें और मकान ढह जाते हैं। हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर पंजाब में बाढ़ क्यों आती है? क्या यह केवल प्रकृति की रुष्टता है या फिर इसके पीछे कहीं न कहीं हमारी अपनी भूलें भी जिम्मेदार हैं? सच यह है कि प्रकृति कभी किसी से नाराज नहीं होती, वह केवल अपने नियमों और संतुलन के आधार पर काम करती है। जब हम इंसान उसकी मयार्दाओं को लांघते हैं, तो परिणाम हमें बाढ़, सूखा, प्रदूषण और आपदा के रूप में भुगतने पड़ते हैं। पंजाब की धरती पाँच नदियों की भूमि कहलाती है। सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम ने इस राज्य की पहचान बनाई। इनमें से अधिकांश नदियाँ हिमालय से निकलती हैं और मानसून के मौसम में बर्फ.पिघलने व वर्षा के कारण जलस्तर अचानक बढ़ा देती हैं। नदियों की धाराएँ तेज होती हैं और जब वे मैदानों में प्रवेश करती हैं तो पानी फैलकर बाढ़ का रूप ले लेता है। भाखड़ा, पोंग और रणजीत सागर जैसे बड़े बांध भले ही बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए बने हों, लेकिन जब इनसे अचानक पानी छोड़ा जाता है तो आसपास के इलाके जलमग्न हो जाते हैं। यह प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ प्रबंधन की कमी को भी उजागर करता है। पिछले कुछ वर्षों में मानसून का पैटर्न काफी बदल गया है। पहले जहाँ बरसात धीरे-धीरे और लंबे समय तक होती थी, अब अचानक भारी वर्षा कम समय में हो जाती है। इससे नदियों और नालों में पानी का दबाव तेजी से बढ़ता है और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ना और ग्लोबल वार्मिंग इसका बड़ा कारण है। इससे हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों और बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर अनियंत्रित ढंग से बढ़ जाता है। प्राकृतिक बाढ़ को विनाशकारी बनाने में सबसे बड़ी भूमिका इंसानी हस्तक्षेप की है। नदियों के किनारों और तलहटी में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। गाँव और शहर नालों व पुरानी जलधाराओं पर बस गए। रेत और बजरी का अत्यधिक खनन नदियों की गहराई और धार बदल देता है। जब पानी का मार्ग रुकता है तो वह आसपास की बस्तियों में घुस आता है। पंजाब में ड्रेन और नहरों का जाल तो है लेकिन अधिकांश जगह इनकी सफाई व मरम्मत समय पर नहीं होती। नतीजतन बारिश का पानी निकलने की जगह वापस गाँव-शहरों में भर जाता है। इसके साथ ही धान जैसी फसलों ने भूजल का अत्यधिक दोहन किया। मिट्टी की जलधारण क्षमता कम हुई और प्राकृतिक जलसंचयन तंत्र टूट गया। पंजाब हरित क्रांति का केंद्र रहा। यहाँ गेहूँ और चावल की खेती ने देश को अन्न सुरक्षा दी, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी सामने आए। धान की फसल पानी की अत्यधिक मांग करती है। हर साल लाखों ट्यूबवेल से भूजल निकाला गया।

## (आस्था)

### परिवर्तिनी एकादशी पर योग निद्रा में करवट बदलेंगे भगवान विष्णु, जानें सही तारीख

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। हिंदू धर्म में इस एकादशी का अत्यंत विशेष महत्व है। इसे पद्मा एकादशी और जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शैया पर योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस अवधि में सृष्टि संचालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। चातुर्मास की यह अवधि चार माह तक रहती है और इसमें कुल आठ एकादशियां आती हैं। हर एकादशी का अपना अलग धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व होता है। इनमें से परिवर्तिनी एकादशी का स्थान विशेष है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु अपनी योगनिद्रा के दौरान करवट बदलते हैं। इसी कारण इसे परिवर्तिनी” यानी करवट बदलने वाली एकादशी कहा जाता है। इसे भाद्रपद मास की अंतिम एकादशी भी माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और व्रती को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही, यह व्रत जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और आरोग्य प्रदान करता है। इस दिन व्रत करके भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से वाजपेय यज्ञ के समान फल प्राप्त होता है। जानें परिवर्तिनी एकादशी की तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि, मंत्र, पारण का समय और विष्णु जी की आरती इस साल परिवर्तिनी एकादशी के दिन भद्रा का साया रहेगा। इस समय भद्रा का वास पाताल लोक में है। बता दें कि इस दिन भद्रा का आरंभ शाम 4 बजकर 12 मिनट से होगा, जो 4 सितंबर को तड़के 4 बजकर 21 मिनट तक। इसके अलावा परिवर्तिनी एकादशी पर राहुकाल दोपहर में 12 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर में 01 बजकर 55 मिनट तक है। एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान कर लें। इसके बाद संभव हो, तो पीले रंग के वस्त्र धारण कर लें। फिर हाथों में थोड़ा सा अक्षत और पीला रंग का फूल लेकर व्रत का संकल्प लें और इसे विष्णु जी को अर्पित कर दें। अब पूजा आरंभ करें। सबसे पहले एक तांबे के लोटे में जल, दूध, लाल फूल और अक्षत डालकर सूर्यदेव को जल दें। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद विष्णु जी की पूजा आरंभ करें।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे मुद्दों पर बात करने से बचें, जिनको लेकर प्रियजनों से वाद-विवाद होने की संभावना है। किसी दिलचस्प इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं। आज इस राशि के कुछ छात्र लेपटॉप या टीवी पर कोई मूवी देखकर अपना कीमती समय जाया कर सकते हैं।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की गलती न करें। अपनी जिंदगी और सेहत का सम्मान करें। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। मुसीबत के वक़्त परिवार से आपको मदद और सलाह हासिल होगी। आप दूसरों के तजुर्बों से कुछ सबक सीख सकते हैं। यह आपके आत्मविश्वास की मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। शाम को प्रिय के साथ रोमांटिक मुलाकात और साथ में कहीं लजीज खाना खाने के लिहाज से बढ़िया दिन है।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन यात्रा आपके लिए थकाऊ और तनावपूर्ण साबित हो सकती है। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। आपके माता-पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है। मुहब्बत और रोमांस आपको खुशमिजाज रखेंगे। रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है, क्योंकि उन्हें वह शोहरत और पहचान मिलेगी जिसकी उन्हें लम्बे समय से तलाश थी। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाजे खोलेंगी। अगर सफर कर रहे हैं तो अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें अगर आप ऐसा नहीं करते तो सामान के चोरी होने की संभावना है। बच्चे उम्मीदों पर खरे न उतरकर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है। प्यार-मोहब्बत के मामले में जल्दबाजी में कदम उठाने से बचें। अहम योजनाओं को समय पर पूरा करके आप काफी लाभ हासिल करने में सफल रहेंगे।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** दोस्त से मिली खास तारीफ खुशी का जरिया बनेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपने अपनी जिंदगी को पेड़ की तरह बना लिया है, जो खुद तपती धूप में खड़ा होकर और उसे सहकर भी राहगीरों को छांव देता है। आपकी मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी तरफ आएगा- और साथ ही पिछले दिन की मेहनत भी रंग लाएगी। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आज आपका दुःख बर्फ की तरह पिघल जाएगा।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** शरीर के किसी अंगे में दर्द होने की संभावना है। किसी भी ऐसे काम से बचें, जिसमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत हो। पर्याप्त आराम भी करें। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें। कामकाज के नजरिए से आज का दिन वाकई सुचारू रूप से चलेगा।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीजों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। अपने जीवनसाथी के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देना उसकी झुंझलाहट का कारण बन सकता है। गुस्से को फिर से भड़कने से रोकने के लिए उसकी इजाजत लें, तो आसानी से इस परेशानी को हल किया जा सकता है। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा-से-ज्यादा रुमानी हो।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। पारंपरिक रस्में या कोई पावन आयोजन घर पर किया जाना चाहिए। आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा- क्योंकि आपका प्रिय आपने लिए बहुत सारी खुशी की वजह साबित होगा। अगर आज आपका रुख विनम्र और सहयोगी है, तो आपको अपने साझीदारों से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** शरीर के किसी अंगे में दर्द होने की संभावना है। किसी भी ऐसे काम से बचें, जिसमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत हो। पर्याप्त आराम भी करें। आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी। घरेलू जिंदगी सुकूनभरी और खुशनुमा रहेगी। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। बड़े उद्योगपतियों के साथ साझीदारी का व्यवसाय फायदेमंद रहेगा। दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फमाएँ।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** दोस्त आपका परिचय किसी खास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। अपने पैसे को संचय करने के लिए आज अपने घर के लोगों से आपको बात करने की जरुरत है। उनकी सलाह आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार होगी। अपने जीवनसाथी के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देना उसकी झुंझलाहट का कारण बन सकता है। गुस्से को फिर से भड़कने से रोकने के लिए उसकी इजाजत लें, तो आसानी से इस परेशानी को हल किया जा सकता है। रुमानी यादें आज आपके ऊपर छायी रहेंगी।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** बीमारी आपकी उदासी की वजह हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द-से-जल्द इससे बाहर आने की जरूरत है। आज आप काफी पैसे बना सकते हैं- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। विवादित मुद्दों को उठाने से बचें, अगर आप आज “डेट” पर जा रहे हैं तो। अगर आप कोई नया व्यवसाय या योजना शुरू करने की सोच रहे हैं तो जल्दी ही फैसला करें, क्योंकि आपके सितारे महरबान हैं। जो आप करना चाहते हैं, उस ओर कदम बढ़ाने में घबराएँ नहीं।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। कुछ समय आप अपने शौक और अपने परिवार वालों की मदद में भी खर्च कर सकते हैं। आपका काम दरकिनार हो सकता है- क्योंकि आप अपने प्रिय की बांहों में खुशी, आराम और उल्लास महसूस करेंगे। साझेदारी में किए गए काम आखिरकार फायदेमंद साबित होंगे, लेकिन आपको अपने भागीदारों से काफी विरोध का सामना करना पड़ सकता है। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है।

# सोनम बाजवा का नया पोस्ट मचा रहा है बवाल



सोनम बाजवा इन दिनों अपनी नई फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं लेकिन इसके अलावा उनकी लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनका नाम सुर्खियों में डाल दिया है. सोनम बाजवा फिल्मों के साथ- साथ सोशल मीडिया पर भी अपना जलवा बिखेरती नजर आती हैं. हर बार ही वो अपने ग्लैमरस लुक्स से ऑडियंस को दीवाना बना लेती हैं.हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ फोटोज शेयर की हैं जो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं और फैंस भी इन तस्वीरों से अपनी निगाहें नहीं हटा पा रहे हैं.वायरल तस्वीरों में सोनम बाजवा का सिजलिंग लुक देखने को मिलता है जहां वो वाइन कलर के बॉडीकॉन ऑउटफिट में कहर ढा रही हैं. खुले बालों और ग्लॉसी मेकअप में हसीना बेहद ग्लैमरस लग रही हैं.इस वाइन कलर की आउटफिट के साथ उन्होंने एक बड़ी सी रिंग और एक वॉच पहनी है. इस स्टेटमेंट वेलरी के साथ एक्ट्रेस ने अपना लुक कंप्लीट किया है. पोस्ट शेयर करने के महज कुछ ही मिनटों में फैंस ने उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बारिश कर दी है.पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में ये बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म बागी 4 जल्द ही रिलीज होने वाली है और इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट का भी जिक्र किया है. पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी ग्लैमर से तड़का लगाने के बाद सोनम बाजवा अब अपने मेहनत और टैलेंट से बॉलीवुड में भी अपने कदम जमाने की कोशिश कर रही हैं. अब फैंस उनकी अगली फिल्म का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं.

सोनम बाजवा को आखिरी बार हाउसफुल 5 में देखा गया था. अब उनकी फिल्म बागी 4 भी रिलीज होने वाली है. ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इसके अलावा उन्हें हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म एक दीवाने की दीवानीयत में भी देखा जाएगा।




# मुंबई में सुमोना चक्रवर्ती पर दिनदहाड़े हमला

टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती ने मुंबई की सड़कों पर अपने साथ हुई एक चौंकाने वाली घटना का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि मराठा आरक्षण के लिए विरोध कर रही एक भीड़ ने दिनदहाड़े उनकी कार को घेर लिया और उनके साथ बदसलूकी की। सबसे दुख की बात यह है कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ, लेकिन कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आया।सुमोना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने पूरी घटना का विवरण दिया। उन्होंने लिखा, कल दोपहर 12ः30 बजे। मैं कोलाबा से फोर्ट जा रही थी। अचानक मेरी कार को एक भीड़ ने रोक लिया। नारंगी रंग का स्टोल पहने एक आदमी मेरी कार के बोनट पर जोर-जोर से मार रहा था, मुस्कुरा रहा था और अपने पेट को मेरी कार से सटा रहा था। उन्होंने आगे बताया कि वह शख्स उनके सामने बेतुके तरीके से झूम रहा था और उसके दोस्त खिड़कियों पर जय महाराष्ट्र! चिल्ला रहे थे और हंस रहे थे। यह घटना पांच मिनट के भीतर दो बार हुई, जिससे सुमोना काफी घबरा गईं।इस पूरी घटना ने सुमोना को पूरी तरह से हिला दिया। उन्होंने अपनी पोस्ट में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि जब यह सब हो रहा था, तब पुलिसवाले वहीं पास में बैठे थे, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।सुमोना ने लिखा, मुझे वीडियो रिकॉर्ड करने का मन हुआ, लेकिन जल्दी ही एहसास हुआ कि इससे वे और भड़क सकते हैं। यह जानकर डर लगता है कि चाहे आप कोई भी हों, या कहीं भी हों, कानून-व्यवस्था पल भर में ध्वस्त हो सकती है।सुमोना ने इस घटना के बाद मुंबई की सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा साउथ मुंबई में सुरक्षित महसूस करती थी।

# अनुषा दांडेकर ने रिलेशनशिप में आई चुनौतियों के बारे में की बात

**अनुषा ने शेयर किया अपने रिश्ते का सच**

एक्ट्रेस और वीडियो जॉकी अनुषा दांडेकर ने हाल ही में सार्वजनिक रिश्तों की चुनौतियों और उनके भावनात्मक प्रभावों के बारे में खुलकर बातचीत की। अपने एक पुराने ब्रेकअप को लेकर उन्होंने शेयर किया कि कैसे उन्होंने इसे संभाला और पब्लिक स्पेस में अपनी भावनाओं को जाहिर किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने बताया कि उनका यह रिश्ता बहुत पब्लिक था।



अनुषा ने कहा, जब आप राहत महसूस करते हैं, तब यह काफी आसान हो जाता है। जब आप इसे नहीं चाहते और खुद को बचा लेते हैं, तब यह आसान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मीडिया को पूरी तरह दोष देना सही नहीं है। उनका मानना है कि हम भी जिम्मेदार हैं; हमने इसे पब्लिक बनाया। जब आप इंस्टाग्राम पर अपने रिश्ते दिखाते हैं और इसे पब्लिक करते हैं, तो आपको इसके नतीजों को भी सहना पड़ता है।

**अनुषा ने क्यों बताया सबको ब्रेकअप के बारे में?**

अनुषा ने बताया कि उन्होंने अपने ब्रेकअप के बारे में अपने फैंस को इसलिए बताया क्योंकि अगर उन्होंने उनके साथ रिश्ते के बारे में शेयर किया था तो उन्हें सच भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा, आप अचानक यह नहीं कह सकते कि वे मेरे बिजनेस में क्यों हैं? हमने उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल किया था।

**क्या बताया अनुषा ने?**

अनुषा और करण कुंद्रा तीन साल तक रिलेशनशिप में थे। 2020 में उन्होंने अपने ब्रेकअप के बारे में सबको बताया। दोनों ने रूञ्जङ्क रूम्1द्ग रूध्द्धश्चशद्य जैसे रियलिटी शो में भी साथ काम किया था। सितंबर 2021 में अनुषा ने इंस्टाग्राम पर ÒAsk Me AnythingÓ सेशन के दौरान एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए कहा, हम ज्यादा ईमानदारी, प्यार और खुशी के हकदार हैं और यह सेल्फ लव से शुरू होता है। इसलिए मैंने अपने लिए चुना। बस इतना ही।





# परम सुंदरी ने ओपनिंग वीकेंड पर की शानदार कमाई

**सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'परम सुंदरी' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की ओपनिंग ठीक-ठाक हुई थी लेकिन इसने वीकेंड पर अच्छा कारोबार किया है. फिल्म की कमाई में शनिवार के बाद रविवार को भी तेजी देखी गई.**

तुषार जलोटा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'परम सुंदरी' में एक नॉर्थ के लड़के परम और साउथ की लड़की सुंदरी की प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है. परम अपनी सोलमेट से मिलने के लिए केरला पहुंचता है और यहां उसे सुंदरी से प्यार हो जाता है. इस क्रॉस कल्चर लव स्टोरी को क्रिटिक्स और ऑडियंस से मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है. वीकेंड पर तो फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरो में भीड  उमड़ पड़ी. खासतौर पर इस मूवी को दिल्ली, यूपी और साउथ इंडिया में पसंद किया जा रहा है. इसी के साथ इसने रिलीज के तीन दिन में अच्छी कमाई कर ली है.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'परम सुंदरी' ने रिलीज के पहले दिन 7.25 करोड़ कमाए थे.दूसरे दिन इसकी कमाई में 27.59 फीसदी का इजाफा हुआ और इसने 9.25 करोड़ का कलेक्शन किया.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'परम सुंदरी' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे को 10.25 करोड़ कमाए हैं.इसी के साथ 'परम सुंदरी' की तीन दिन की कुल कमाई 26.75 करोड़ रुपये हो गई है.

## 'परम सुंदरी' ने 2025 की इन फिल्मों के ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन को दी मात

'परम सुंदरी' ने वीकेंड पर गर्दा उड़ा दिया है. फिल्म के कलेकश्न में तो जबरदस्त उछाल देखा ही गया इसी के साथ इसने साल 2025 महावतार नरसिम्हा, सन ऑफ सरदार 2 सहित कई फिल्मों के ओपनिं वीकेंड कलेक्शन को भी मात दे दी है. कोईमोई के आंकड़ों के मुताबिक 'परम सुंदरी' ने फिल्मों को ओपनिंग डे पर मात दी है.

सन ऑफ सरदार 2- 24.75 करोड़ रुपये
धड़क 2-11.97 करोड़ रुपये
महावतार नरसिम्हा- 16.56 करोड़ रुपये
निकिता रॉय- 86 लाख रुपये
मालिक- 15.02 करोड़ रुपये
आँखों की गुस्ताखियां- 1.26 करोड़ रुपये
मेट्रो इन दिनों- 18.65 करोड़ रुपये
मां- 18.43 करोड़ रुपये
केसरी वीर- 88 लाख रुपये
कंपकंपी- 92 लाख रुपये
द भूतनी- 4.72 करोड़ रुपये
फुले-1.05 करोड़ रुपये
ग्राउंड जीरो- 5.20 करोड़ रुपये
द डिप्लोमैट- 13.45 करोड़ रुपये
क्रेजी-4.25 करोड़ रुपये
सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव-1.82 करोड़ रुपये
मेरे हसबैंड की बीवी-5.28 करोड़ रुपये
बैडएस रवि कुमार-9.72 करोड़ रुपये
लवयापा-4.75 करोड़ रुपये
देवा-19.43 करोड़ रुपये
इमरजेंसी-12.26 करोड़ रुपये
आजाद-4.75 करोड़ रुपये
फतेह-10.71 करोड़ रुपये।

### परम सुंदरी का बजट कितना है?

मैडॉक फिल्म्स ने इस रोमांटिक कॉमेडी का निर्माण लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से किया है. दो दिनों में ही इसने अपने बजट का लगभग तकरीबन 30% वसूल कर लिया है. अभी तक इसकी स्पीड अच्छी है, लेकिन 5 सितंबर, 2025 को इसे बागी 4 से कड़ी टक्कर मिलनी शुरू हो जाएगी. सिद्धार्थ मल्होत्रा ??और जाह्नवी कपूर अपनी फिल्मोग्राफी में कोई और सफलता जोड़ पाते हैं या नहीं, यह तो समय ही बताएगा.



# राजस्थान सरकार ला रही धर्मांतरण विरोधी कानून

## बिल विधानसभा में होगा पेश, क्या प्रावधान?



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार एक सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लाने जा रही है। राज्य सरकार सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में एक बिल पेश करेगी जिसमें जबरदस्ती, झूठ बोलकर या धोखाधड़ी से कराए गए धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़े प्रावधान होंगे। राज्य के कानून और कानूनी मामलों के मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान में अवैध धर्मांतरण से निपटने के लिए कोई खास कानून नहीं है।

**कैबिनेट ने विधेयक पर लगाई मुहर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में राजस्थान गैरकानूनी धार्मिक रूपांतरण निषेध विधेयक, 2025 के नए मसौदे को मंजूरी दी गई। मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि पहले का बिल जो पिछले सत्र में पेश किया गया था उसे वापस लिया जाएगा। उसकी जगह यह नया मसौदा पेश किया जाएगा जिसमें कड़े प्रावधान होंगे।

**सामान्य मामलों में कितनी कैद, कितना जुर्माना? :** प्रस्तावित कानून में दोषियों के लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। सामान्य मामलों में 7 से 14 साल तक की कैद और कम से कम 5 लाख रुपये का जुर्माना होगा। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 20 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और कम से कम 25 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है।

**धर्मांतरण के मकसद से की गई शादी होगी अवैध :** मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि यह विधेयक किसी भी व्यक्ति या संगठन को जोर-जबरदस्ती, अनुचित प्रभाव या धोखाधड़ी से धर्मांतरण कराने से रोकता है। इसमें यह भी प्रावधान है कि यदि शादी केवल धर्मांतरण के मकसद से की गई है तो उसे कानूनी तौर पर अमान्य घोषित किया जाएगा। प्रस्तावित कानून के तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।

**धर्मांतरण नहीं मानी जाएगी घर वापसी :** मंत्री जोगाराम पटेल ने यह भी स्पष्ट किया कि अपने पैतृक धर्म में वापस लौटने को कानून के तहत धर्मांतरण नहीं माना जाएगा। प्रस्तावित कानून में नाबालिगों, महिलाओं, दिव्यांगों या एससी/एसटी समुदायों के लोगों का धर्मांतरण कराने के मामले में सजा के तौर पर 10 से 20 साल तक की कैद और कम से कम 10 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान होगा।

**विदेशी रकम ली तो कैद और जुर्माना :** धर्मांतरण के लिए विदेशी या बिना अनुमति के पैसा स्वीकार करने पर 10 से 20 साल की कैद और कम से कम 20 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान होगा। जोर-जबरदस्ती, शादी में धोखाधड़ी, मानव तस्करी या कमजोर पीड़ितों से जुड़े अपराधों में सजा बीस साल से लेकर उम्रकैद तक की कैद और कम से कम 30 लाख रुपये तक की जुर्माना होगी।

### बार-बार अपराध पर उम्रकैद और 50 लाख जुर्माना

मसौदे के अनुसार, बार-बार अपराध करने वालों को उम्रकैद तक की सजा सुनाई जा सकती है। साथ ही इन पर कम से कम 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। गैरकानूनी धर्मांतरण में शामिल संस्थानों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। साथ ही राज्य की तरफ से मिलने वाली मदद बंद की जा सकती है। गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए इस्तेमाल की गई संपत्तियों की जांच के बाद उन्हें जब्त किया जा सकता है या गिराया जा सकता है।

## मुस्लिम युवक से मिले हिमंता, बोले भाजपा जॉइन कर लो, लिखा- भाजपा से जुड़ने में सबका भला

**दिसपुर, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह एक मुसलमान व्यक्ति को भाजपा जॉइन करने की सलाह दे रहे हैं। हिमंता ने एक्स पर पोस्ट किए इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'सबका भला भाजपा से जुड़ने में हैं।' यह वीडियो एक्स पर खूब वायरल हो रहा है। वहीं, लोग इस वीडियो पर तरह-तरह के कमेंट्स भी कर रहे हैं। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि सीएम हिमंता किसी कार्यक्रम से बाहर निकल रहे हैं। वहां पर टोपी पहने एक मुसलमान व्यक्ति खड़ा है। हिमंता उस व्यक्ति को गले लगाते हैं। इसके बाद वह उससे पूछते हैं, 'आप कैसे हैं? अच्छे हैं?' जवाब में वह मुसलमान व्यक्ति गर्दन हिलाता हुआ मुस्कुराता रहता है। इसके बाद हिमंता उसके कंधे पर हाथ रखकर आगे बढ़ते जाते हैं। इस बीच वह उससे लगातार बातें करते हैं। असम के मुख्यमंत्री के एक्स अकाउंट पर लोग इस वीडियो के कमेंट बॉक्स में तरह-तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। कुछ लोग तो हिमंता सरमा को ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'जैसे आपका भला हो गया'।

# आदिवासियों को प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (के दायरे से बाहर रखा जाएगा: किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पूर्वोत्तर और देश के अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को प्रस्तावित समान नागरिक संहिता( के दायरे से बाहर रखा जाएगा, ताकि वे अपनी परंपरा के अनुसार मुक्त रूप से जीवन जी सकें। संघ से जुड़े वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट किया। रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग इन दिनों सोशल मीडिया पर एक विचित्र माहौल बना रहे हैं और केंद्र के खिलाफ एक विमर्श गढ़ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया। किरने रिजिजू ने कहा, केंद्रीय मंत्री होने के नाते मैं अपनी सरकार का रुख साझा करना चाहता हूं। हमारी सरकार और पार्टी संविधान के अनुसार देश में समान नागरिक संहिता लाने के बारे में सोच रही है। जब फौजदारी कानून सभी के लिए समान है तो नागरिक कानून भी सभी के लिए समान क्यों नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने इस संबंध में काम शुरू कर दिया है। लेकिन, हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि आदिवासियों को इससे छूट दी जाएगी। आदिवासियों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाए। यह समान नागरिक संहिता अनुसूची 6, अनुसूची 5, पूर्वोत्तर और देश के अन्य आदिवासी इलाकों में लागू नहीं होगी।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में कार्यों की सराहना

किरेन रिजिजू ने कहा, उन्होंने (नेताम) मुझे बताया कि वे कई बार संसदीय चुनाव जीते, लेकिन उन्हें सिर्फ राज्य मंत्री बनाया गया। वे अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने देश में आदिवासियों के कल्याण और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने इस देश में आदिवासियों के उत्थान के लिए जो कुछ किया है, उसके बारे में पहले कभी किसी ने सोचा भी नहीं था। रिजिजू ने कहा कि आज मोदी सरकार में उनको मिलाकर तीन कैबिनेट मंत्री और आदिवासी समुदाय से चार राज्य मंत्री हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान देश में आदिवासी आबादी के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी दूरदर्शिता से देश को एक नई दिशा दी है।

### उत्तराखंड ने यूसीसी लागू कर दिया

यूसीसी के मुद्दे पर वर्तमान में विधि आयोग की ओर से विचार किया जा रहा है। उत्तराखंड ने राज्य में यूसीसी लागू कर दिया है। भगवान बिरसा मुंडा भवन में जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर रिजिजू ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक समय था जब दिल्ली में अधिवक्ताओं के लिए कोई बड़ा संस्थान या स्थान नहीं था। उन्होंने कहा कि उस समय केंद्र की मंत्रिपरिषद में आदिवासी समुदायों के निर्वाचित सांसदों का प्रतिनिधित्व भी अपर्याप्त था। रिजिजू ने उपस्थित लोगों से कहा, अविभाजित मध्य प्रदेश के एक बहुत वरिष्ठ नेता अरविंद नेताम उस समय राज्य मंत्री थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लापता दो लड़कों का शव नहर में मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीरपुर इलाके से शनिवार को लापता हुए दो लड़कों के शव रविवार को जेजे कॉलोनी के पास एक नहर से बरामद किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान वैभव (11) और यश (12) के रूप में हुई है, जो वजीरपुर के जेजे कॉलोनी के निवासी थे और छठी कक्षा में पढ़ते थे। पुलिस के मुताबिक दोनों लड़के करीबी दोस्त थे और शनिवार शाम करीब छह बजे से लापता थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''शनिवार को भारत नगर पुलिस थाना में बच्चों के लापता होने की सूचना मिली थी। इसके बाद जांच अधिकारी ने उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की।'' उन्होंने बताया कि वैभव की मां शांति देवी के बयान के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गईं। अधिकारी ने बताया, ''जब तलाश शुरू थी और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरों का विश्लेषण किया जा रहा था, तभी सूचना मिली कि वजीरपुर में जेजे कॉलोनी के पास एक नहर में दो शव तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत नगर पुलिस थाना की एक टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाला।'' उन्होंने बताया कि बच्चों की पहचान उनके परिवार के सदस्यों ने की। पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों तैरने गए थे और दुर्घटनावश डूब गए, क्योंकि उस स्थान पर पानी लगभग 15-20 फीट गहरा है। पुलिस ने कहा, ''शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है और आगे की कार्यवाही जारी है।'' उसनेबताया कि जांच के बाद खुलासा होगा कि कोअ ्गड़बड़ी तो नहीं हुई है।

### तेंदुए की खाल की तस्करी के आरोप में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी समेत सात लोग गिरफ्तार



**गंजम, एजेंसी।** ओडिशा के गंजम जिले में तेंदुए की खाल की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में रविवार को एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को भंजनगर उत्तर वन प्रभाग क्षेत्र के एक मकान और एक निजी लॉज से गिरफ्तार किया गया। घुमुसर उत्तर डिवीजन के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) हिमांशु शेखर मोहंती ने कहा कि वन विभाग की टीम ने आरोपियों के कब्जे से सात फुट लंबी तेंदुए की खाल, धारदार हथियार, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है। डीएफओ ने कहा, ''चूंकि, तेंदुए की खाल पर गोली के घाव का निशान था, हमें शक है कि शिकारियों ने उसे लगभग एक महीने पहले मारा होगा। इस मामले में जांच जारी है।'' डीएफओ ने बताया कि तेंदुए की खाल को डीएनए मिलान के लिए भुवनेश्वर स्थित ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) की पशु परीक्षण प्रयोगशाला में भेज दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का खेल, पुलिस की बड़ी कार्रवाई; 65 लोग हिरासत में

**बलरामपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर धर्मांतरण का मामला सामने आया है। चंगाई सभा के नाम पर चल रहे इस खेल में पुलिस ने 65 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें 30 महिलाएं और 35 पुरुष शामिल हैं। पुलिस को मौके पर धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया करते हुए लोग मिले। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के सामरी थाना क्षेत्र के इदरीपाठ गांव में रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। कथित चंगाई सभा के नाम पर चल रहे धर्मांतरण कार्यक्रम पर छापेमारी के दौरान 65 लोगों को हिरासत में लिया गया।

# बड़े स्थानीय बाजार की बदौलत भारतीय उद्योग जगत सहज स्थिति में: गोयल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत 1.4 अरब लोगों के घरेलू बाजार के कारण आरामदायक, सहज स्थिति में है और उन्हें वैश्विक स्तर पर अवसर तलाशने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को लेकर गहरी चिंताओं के बीच गोयल ने यह टिप्पणी की। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से किसी भी नकारात्मक दलील से प्रभावित न होने को कहा और याद दिलाया कि जून में देश की जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है।

गोयल ने भरोसा जताया कि इस साल कुल निर्यात बढ़ेगा और यह भी बताया कि अमेरिका को होने वाले 87 अरब डॉलर के निर्यात में 46 अरब डॉलर से ज्यादा पर शुल्क बढ़ाने का कोई असर नहीं है। गोयल ने कहा कि शुक्रवार को आए वृद्धि दर के आंकड़ों ने सरकार में किसी को भी आश्चर्यचकित नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, अर्थशास्त्रियों और मीडिया के कुछ वर्गों जैसे नकारात्मक और निराशावादियों के लिए एक जोरदार जवाब है। गोयल ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पीटीआई वीडियोज को बताया, भारत लचीलेपन और आत्मविश्वास से भरा है और अगले 22 वर्षों तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए उत्सुक है। भारत आगे भी इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा। हमारा निर्यात बढ़ता रहेगा, हम इस साल पिछले साल से ज्यादा निर्यात करेंगे और भविष्य बेहद उवल है। उद्योग निकाय सीआईआई के कार्यक्रम भारत-यूएई व्यापार संवाद में गोयल ने स्वीकार किया कि घरेलू बाजार विकास के सबसे बड़े चालकों में से एक है और उन्होंने उद्योग की भूमिका पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे अक्सर लगता है कि 1.4 अरब का विशाल घरेलू बाजार एक तरह से आरामदायक क्षेत्र बन गया है। हमारे व्यवसाय यहां अच्छा मुनाफा कमाते हैं और दुनिया भर में अवसरों की तलाश में बाहर नहीं निकलते। गोयल ने कहा कि भारतीय उद्योग बहुत कम मूल्यवर्धन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यवसायों और लोगों, दोनों पर भरोसा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत के साथ मिलकर किसी भी बाधा का समाधान करने के लिए तैयार है।

# इसी माह के दूसरे सप्ताह में मणिपुर का दौरा कर सकते है पीएम मोदी!



**इंफाल, एजेंसी।** क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर का दौरा करने वाले हैं? इस सवाल का जवाब मिल गया है। मणिपुर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को बताया कि अब तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि पीएम मोदी सितंबर के दूसरे सप्ताह में राज्य का दौरा करेंगे। मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों में कहा गया है कि राज्य में दो साल पहले शुरू हुए जातीय संघर्ष के बाद से यह प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। खबरों के अनुसार, मोदी सितंबर के दूसरे सप्ताह में मणिपुर का दौरा करेंगे।

**विपक्षी कर रहे हैं आलोचना :** मणिपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य लैशेम्बा सनाजाउबा ने भी कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री पड़ोसी राज्य मिजोरम के दौरा के अपने कार्यक्रम के समय राज्य का दौरा करेंगे। विपक्षी दल मणिपुर का दौरा न करने के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना करते रहे हैं। मणिपुर में मई 2023 से मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा में कम से कम 260 लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए।

**क्या आई थी खबर :** राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'नहीं, अब तक हमें केंद्र सरकार से इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली है कि प्रधानमंत्री सितंबर के दूसरे सप्ताह में मणिपुर का दौरा करेंगे।'

## गृह मंत्रालय ने आईएमसीटी का किया गठन आपदा प्रभावित राज्यों का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए प्रभावित राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश पर गृह मंत्रालय (एमएचए) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान के आकलन के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दलों (आईएमसीटी) का गठन किया है। ये केंद्रीय दल मौके पर जाकर स्थिति और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों का आकलन करेंगे। केंद्रीय दल अगले सप्ताह की शुरुआत में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बाढ़, भूस्खलन प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे, जो मौजूदा मानसून सीजन के दौरान भारी से अत्यधिक भारी बारिश, अचानक बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में पहले ही एक आईएमसीटी और एक बहु-क्षेत्रीय दल दौरा कर चुके हैं। इन केंद्रीय दलों का नेतृत्व गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे और इनमें व्यय, कृषि और किसान कल्याण, जल शक्ति, ऊर्जा, सड़क परिवहन और राजमार्ग, ग्रामीण विकास मंत्रालयों, विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। गृह मंत्रालय इन राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में है और आवश्यक लॉजिस्टिक सहायता प्रदान कर रहा है, जिसमें एनडीआरएफ, सेना और वायु सेना के हेलीकॉप्टरों की तैनाती शामिल है, जो खोज और बचाव कार्यों तथा आवश्यक सेवाओं की बहाली में सहायता कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अगस्त 2019 में लिए गए निर्णय के अनुसार, गृह मंत्रालय गंभीर आपदा के तुरंत बाद राज्य सरकारों और केन्द्रशासित प्रदेशों के ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बगैर आईएमसीटी का गठन करता है ताकि मौके पर जाकर नुकसान का आकलन किया जा सके। आईएमसीटी द्वारा नुकसान का आकलन करने के बाद केंद्र सरकार स्थापित प्रक्रिया के अनुसार एनडीआरएफ से राज्यों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

# हाई कोर्ट का आदेश अपलोड करने में हुई देरी, सुप्रीम कोर्ट ने ले लिया कड़ा ऐक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाई कोर्ट का आदेश अपलोड होने पर में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा ऐक्शन लिया है। शीर्ष अदालत ने जज के सचिव की स्टेनो बुक जब्त करने का निर्देश दे दिया, ताकि यह पता चल सके कि आदेश कब टाइप किया गया था और उसमें कब सुधार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को अपलोड करने में हुई देरी पर संज्ञान लेते हुए दिया। न्यायाधीश के सचिव की स्टेनो बुक जब्त करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आदेश कब टाइप किया गया था और उसमें कब सुधार किया गया था।

### मामले की जांच की जाए

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने इस बात पर गौर किया कि यह फैसला 31 जुलाई 2025 का था। 20 अगस्त तक इसे हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया। बेंच ने कहा कि मामले की विवेकपूर्ण जांच की जाए और आदेश को टाइप एवं अपलोड किए जाने के बारे में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) से रिपोर्ट हासिल की जाए। बेंच ने कहा कि 20 अगस्त को मामले पर विचार करते हुए उसने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। 29 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि रजिस्ट्रार जनरल ने 22 अगस्त को न्यायाधीश के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा था। उसने कहा कि सचिव ने 22 अगस्त को स्पष्टीकरण दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सचिव ने आदेश अपलोड किए जाने के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। उन्होंने सिर्फ इतना बताया था कि न्यायाधीश एक अगस्त से 20 अगस्त के बीच कुछ चिकित्सा प्रक्रिया एवं सर्जरी से गुजरे थे। बेंच ने कहा कि सचिव की ओर से स्पष्टीकरण दिए जाने की तिथि पर आदेश अपलोड किया गया था। हालांकि, इस तथ्य का जिक्र उन्होंने ही किया था। उसने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह आदेश 31 जुलाई को पारित नहीं किया गया था, बल्कि वास्तव में यह हाई कोर्ट के आदेश के बाद दिया गया था।

### जब्त की जाए स्टेनो बुक

बेंच ने कहा कि सचिव की स्टेनो बुक जब्त की जाए और पता लगाया जाए कि किस तारीख को आदेश टाइप किया गया और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर इसमें सुधार किया गया। एक विवेकपूर्ण जांच की जाए और आदेश टाइप एवं अपलोड किए जाने के संबंध में एनआईसी से पीसी की रिपोर्ट ली जाए और उसे हलफनामे के साथ दाखिल किया जाए। शीर्ष अदालत ने एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत खारिज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। उसने हरियाणा राज्य सहित सभी पक्षों को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की। बेंच ने निर्देश दिया कि इस बीच, अंतरिम उपाय के रूप में, फरीदाबाद में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, बशर्ते वह (याचिकाकर्ता) जांच में सहयोग करे। याचिकाकर्ता ने 20 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि हाई कोर्ट की ओर से 31 जुलाई को पारित आदेश उसकी वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है।

# ट्रंप टैरिफ की मार से मुंबई का समुद्री खाद्य उद्योग बेहाल, संकट में हजारों परिवार



**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले महीने भारत पर टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी करने का असर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित दुनिया के सबसे बड़े समुद्री खाद्य बाजार (सी फूड मार्केट) पर बुरा असर पड़ा है। 27 अगस्त से लागू हुए 50 फीसदी टैरिफ ने अमेरिका को निर्यात होने वाले फ्रोजन समुद्री सी फुड के निर्यात पर बुरा असर डाला है क्योंकि पहले इस पर जहां सिर्फ 10 फीसदी टैरिफ लगता था, उसे बढ़ाकर पहले 25 फीसदी किया गया और अब यह 50 फीसदी हो चुका है। इसकी वजह से वैसे हजारों परिवारों की आजीविका पर बुरा असर पड़ा है, जो दशकों से और पीढ़ियों से सी फूड के कारोबार में फलते-फुलते रहे हैं। महाराष्ट्र के सबसे व्यस्त और सबसे बड़े समुद्री खाद्य निर्यात केंद्रों में से एक, मुंबई के ससून डॉक में, समुद्री खाद्य पदार्थों को उतारने, पकड़ने, नीलामी और प्रसंस्करण की सामान्य हलचल के बावजूद एक चिंता का माहौल है। यहाँ का यह उद्योग, जिसने दशकों से अनगिनत परिवारों का पेट भरा है, अब अनिश्चितता के भंवर में फंसा है और अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहा है।

**एक महीने के अंदर 10 से 50 फीसदी हुआ टैरिफ:** मुंबई पोर्ट अथॉरिटी द्वारा गोदामों को अन्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए पट्टे पर दिए जाने के कारण ससून डॉक में मछली पकड़ने का उद्योग पहले से ही विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहा है। ट्रंप के टैरिफ ने इस उद्योग को और भी संकट में डाल दिया है। एक महीने के अंदर ही टैरिफ को 10 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने पर निर्यातकों और नीलामकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि इससे लाभदायक रहा सी फूड इंडस्ट्री नष्ट होने की कगार पर जा रहा है।

**महिलाओं की आय पर खतरा :** समुद्री उत्पाद नीलामी संघ के अध्यक्ष वसंत भुचाड़े ने कहा, अगर भारत सरकार ट्रंप टैरिफ का कोई हल नहीं निकालती है, तो निर्यातक इन मछुआरों को महत्व नहीं देंगे। व्यापारी और निर्यातक नीलामी के दौरान सस्ती दर की माँग करेंगे, और मछुआरे, जो आमतौर पर झींगों से अच्छी कमाई करते हैं, फिर झींगों के लिए पानी में जाने की ज़हमत नहीं उठाएँगे। इसका व्यापक प्रभाव झींगों के छिलके उतारने वाली महिलाओं की आय भी छीन लेगा। झींगे हमारे मछली पकड़ने के काम का मुख्य आधार हैं, और यह टैरिफ पूरे उद्योग को खतरे में डाल देगा।

**साल के 300 दिन रोजाना 30 टन झींगे का निर्यात :** अनुमानों के अनुसार, ससून डॉक साल के लगभग 300 दिन रोजाना लगभग 30 टन झींगे का निर्यात करता है। एक किलो झींगे की कीमत 300 रुपये के करीब होती है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मॉनसून में मछली पकड़ने पर दो महीने के प्रतिबंध के कारण, यह उद्योग पहले ही धीमा पड़ गया है। अब ट्रंप टैरिफ ने इस पर संकट ही ला दिया है। कोलाबा के ससून डॉक में 12,000 से ज़्यादा परिवार झींगे छीलने वाले हैं। सुबह से शाम तक ये लोग झींगा ही छिलते हैं और उसी पर आश्रित हैं। इन सबके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा होने वाला है। समुद्री झींगे के दाम आकार के आधार पर लगभग 300 रुपये प्रति किलो रहते हैं। अब, 50प्रतिशत टैरिफ के साथ, निर्यातक इस कीमत को 250 या 225 रुपये प्रति किलो तक कम कर सकते हैं।

## जय शाह ने महिला क्रिकेटरों के लिए खोला खजाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला क्रिकेट विश्व कप की विजेता टीम को टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि मिलेगी। यह पिछले संस्करण में 1.32 मिलियन अमेरिकी डॉलर (11.65 करोड़ रुपये) से बढ़कर 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (39.55 करोड़ रुपये) हो गई है। जय शाह की अध्यक्षता वाली इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सोमवार (1 सितंबर) को यह घोषणा की। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे। कुल मिलाकर, आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है, आईसीसी ने इस मेगा इवेंट के लिए कुल 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि की घोषणा की है। यह 2023 में हुए पुरुषों के विश्व कप से 34 करोड़ रुपये ज्यादा है। भारत में हुए उस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.21 करोड़ रुपये) थी।

### 297 प्रतिशत की वृद्धि

आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।'' न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपये थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

### उपविजेता को 19.77 करोड़ रुपये

महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपये) थी। महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपये) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपये) मिलेंगे।

### प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 22 लाख रुपये मिलेंगे

ग्रुप चरण में जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपये) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपये) मिलेंगे।

### जय शाह क्या बोले

आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, ''यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यूएस ओपनः

# दर्द से जूझते हुए जीते जोकोविच



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच रविवार यूएस ओपन के चौथे राउंड के मुकाबले में दमदार शुरुआत की। वह तेजी से आगे बढ़ रहे थे तभी उनकी गर्दन में दर्द होने लगा। इसके बावजूद सातवीं सीड के जोकोविच 144वीं रैंकिंग के क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने रिकॉर्ड 64वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। जर्मनी के 35 साल के स्ट्रफ पहली बार यूएस ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे थे। नोवाक जोकोविच 4-0 से आगे चल रहे थे। अगले गेम में वह 15-लव से आगे थे। इसके बाद उन्होंने एक बेहतरीन एंगल वाली लगाकर 30-लव की बढ़त बना ली। इसके तुरंत बाद उन्होंने अपनी गर्दन पीछे से पकड़ी और अपना सिर घुमाना शुरू कर दिया। इसके बाद कुछ समय उन्हें परेशानी हो रही थी। 30-लव की बढ़त लेने के बाद भी वह गेम हार गए। इसके बाद अगले गेम में भी जान-लेनार्ड स्ट्रफ ने जीत हासिल की। लेकिन जोकोविच ने जल्द ही वापसी कर ली और फिर क्वालीफायर खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया।

### क्वार्टर फाइनल में फ्रिट्ज से मुकाबला

अब यूएस ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में जोकोविच का सामना अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। 27 साल के फ्रिट्ज ने क्वार्टर फाइनल में चेक रिपब्लिक के टॉमस माचैक को 6-4, 6-3, 6-3 से हराया। फ्रिट्ज और जोकोविच के बीच अभी तक 10 मुकाबले हुए हैं। सभी में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी को जीत मिली है। जोकोविच 2023 से एक भी ग्रैंड स्लैम नहीं जीत पाए हैं। आखरी बार उन्होंने यूएस ओपन का ही खिताब जीता था।

### जोकोविच ने नया इतिहास भी लिखा

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के साथ इतिहास भी रच दिया है। वह इस साल खेले सभी चार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।38 साल के नोवाक जोकोविच एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्ट्रफ के खिलाफ जोकोविच का यह सिंगल्स में आठवां मुकाबला था। उन्हें सभी में जीत मिली है।

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे नीरज

### भाला फेंक में भारत के सबसे अधिक खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोपड़ा ने 85.50 मीटर का क्वालिफाइंग स्तर भी पार कर लिया था जबकि अन्य तीन भारतीयों ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से कट हासिल किया। अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होगी जिसमें नीरज चोपड़ा की अगुआई में देश के चार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह वैश्विक मंच पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के प्रदर्शन से आई गई क्रांति का उल्लेखनीय प्रतिबिंब है। भारत ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें भाला फेंक स्पर्धा में चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टोक्यो में प्रतिस्पर्धा करने वाले शुरुआती 36 खिलाड़ियों के समूह में जगह बनाने में नाकाम रहे रोहित को विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला जब विश्व रैंकिंग में उनसे ऊपर के प्रतियोगियों ने नाम वापस ले लिया। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालिफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि किशोर जेना और डीपी मनु क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे थे। देश के इतिहास में पहली बार चार भारतीय विश्व चैंपियनशिप की किसी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। गत चैंपियन होने के कारण 27 वर्षीय चोपड़ा ने वाइल्ड कार्ड से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जिससे तीन अन्य भारतीयों के उनके साथ जुड़ने का रास्ता साफ हुआ। किसी भी देश को प्रतिस्पर्धा में अधिकतम तीन प्रतिभागियों को शामिल करने की अनुमति है लेकिन यदि कोई खिलाड़ी वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रतियोगिता में जगह बनाता है तो यह संख्या चार हो सकती है। चोपड़ा ने 85.50 मीटर का क्वालिफाइंग स्तर भी पार कर लिया था जबकि अन्य तीन भारतीयों ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से कट हासिल किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे विशेष रूप से खुशी है कि हमारे चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी क्वालीफाई कर चुके हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार भी वे सभी फाइनल में पहुंचेंगे। पिछली बार भी चार खिलाड़ी थे लेकिन रोहित यादव चोटिल हो गए थे और भाग नहीं ले पाए थे। और वे सभी फाइनल में शीर्ष छह में थे। एएफआई की सीनियर चयन समिति की बैठक के बाद भारतीय टीम का चयन किया गया जिसमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। रोहित के अलावा पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के तेजस शिरसे और पुरुषों की 35 किमी पैदल चाल के संदीप कुमार को अंतिम समय में शामिल किया गया। इन्हें भी अन्य प्रतिभागियों के हटने के कारण विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला। कोई भी एथलीट क्वालीफिकेशन स्तर हासिल करने विश्व चैंपियनशिप के लिए स्वतः क्वालीफाई कर सकता है। शेष स्थान विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से दिए जाते हैं जिससे कि विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रत्येक स्पर्धा के लिए पूर्व-निर्धारित आवश्यक प्रवेश संख्या पूरी की जा सके।

यूएस ओपन

## सोराना क्रिस्टी की ट्रॉफियां चोरी: टेनिस खिलाड़ी ने इंस्टा पोस्ट में जानकारी दी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में चल रहे साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के दौरान ट्रॉफियां चोरी होने का मामला सामने आया है। रोमानिया की टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने सोशल प्लेटफार्म इंस्टाग्राम में एक स्टोरी पोस्ट कर लिखा कि एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। 35 साल की सोराना महिलाओं के एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने शनिवार की रात इंस्टाग्राम पर लिखा, जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है। कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है, लेकिन भावनात्मक कीमत है। क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। सोराना क्रिस्टी अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी। उन्हें चेक रिपब्लिक की मुचोवा ने 7-6, 6-7, 6-4 से हराया।



# एमएस धोनी की धरती से निकला नया सितारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय घरेलू क्रिकेट का नया सत्र 2025-26 धमाकेदार अंदाज में शुरू हुआ है। बेंगलुरु में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में बल्लेबाजों ने खूब रन बनाए, लेकिन असली चर्चा गेंदबाजों के असाधारण कारनामों की रही। इनमें सबसे ज्यादा सुर्खियां झारखंड के 21 वर्षीय युवा स्पिनर मनीषी ने बटोरीं। मनीषी ने दलीप ट्रॉफी में अपने डेब्यू मैच में ही ऐसे विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, जो अब तक कोई भी भारतीय गेंदबाज नहीं कर पाया था। मनीषी ने ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट चटकाए। दिलचस्प बात यह रही कि ये सभी विकेट उन्होंने एलबीडब्ल्यू के रूप में हासिल किए। शुभम खजूरिया (26 रन), अंकित कुमार (30 रन), यश ढुल (39 रन), कन्हैया वधावन (76 रन), आकिब नबी (44 रन) और हर्षित राणा (7 रन) उनके शिकार बने। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में यह कारनामा मात्र छठी बार देखने को मिला है, जबकि किसी भारतीय गेंदबाज ने पहली बार यह उपलब्धि अपने नाम की है।



# टिम साइफर्ट ने ठोका CPL के इतिहास का सबसे तेज शतक

### 94 रन तो सिर्फ चौके-छक्के से बनाए, तोड़े ये 3 रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के 30 साल के बल्लेबाज टिम साइफर्ट ने CPL 2025 में बड़ा धमाका किया है. उन्होंने कैरेबियन प्रीमियर लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक ठोकते हुए इस मामले में आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड की बराबरी की है. अब दोनों के नाम CPL में सबसे तेज 40 गेंदों पर शतक ठोकने का रिकॉर्ड दर्ज है.

टिम साइफर्ट ने सबसे तेज शतक के मामले में आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड की बराबरी 31 अगस्त को एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस के खिलाफ खेले मुकाबले में की. वो इस मैच में सेंट लुसिया किंग्स की तरफ से ओपनिंग करने उतरे थे. साइफर्ट ने अपना शतक 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जमाया, जिसके बाद उनकी टीम तो जीती ही, साथ ही उससे जुड़े 3 बडे रिकॉर्ड भी टूटे.

एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 204 रन बनाए थे. जवाब में सेंट लुसिया किंग्स की तरफ से ओपनिंग करने उतरे टिम साइफर्ट ने शुरुआत से ही अपने इरादे जता दिए. वो एक बार जो क्रीज पर आए तो फिर मैच जिताकर ही गए.

### 94 रन सिर्फ चौके-छक्के से, 40 गेंदों में किया शतक पूरा

टिम साइफर्ट की कुल इनिंग 53 गेंदों की रही, जिसमें उन्होंने नाबाद 125 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 9 छक्के और 10 चौके लगाते हुए अपनी इनिंग के कुल 94 रन बाउंड्रीज से बनाए. 125 रन की इस पारी के दौरान टिम साइफर्ट ने अपना शतक 40वीं गेंद पर सिंगल के साथ पूरा किया. ये CPL में टिम साइफर्ट का पहला शतक है. जबकि, उनके टी-20 करियर का ये चौथा शतक है. टिम साइफर्ट की विस्फोटक पारी की बदौलत उनकी टीम सेंट लुसिया किंग्स ने मुकाबला 17.5 ओवर में ही 4 विकेट खोकर जीत लिया. मतलब, उसने 6 विकेट से मैदान मारा. अब टीम के इस मैदान मारने के दौरान टिम साइफर्ट ने उससे रिलेटेड 3 बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए.

### टिम साइफर्ट ने तोड़े ये 3 रिकॉर्ड

टिम साइफर्ट ने पहला रिकॉर्ड सेंट लुसिया किंग्स के लिए एक पारी में बाउंड्रीज से सबसे ज्यादा रन बनाने का तोड़ा. उन्होंने 94 रन बनाते हुए इस मामले में फाफ डु प्लेसी के 82 रन का रिकॉर्ड तोड़ा. इसके अलावा टिम साइफर्ट सेंट लुसिया किंग्स के लिए सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं. 125 रन की पारी खेलकर इस मामले में उन्होंने फाफ डु प्लेसी के ही 120 रन का रिकॉर्ड तोड़ा. इसके अलावा तीसरा रिकॉर्ड उन्होंने एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का तोड़ा. सेंट लुसिया किंग्स के लिए एक इनिंग में वो सबसे ज्यादा 9 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. पहले ये रिकॉर्ड 8 छक्कों के साथ काइरन पोलार्ड के नाम था.

World Athletics Championship:

# नंदिनी के न चुने जाने पर विवाद, AFI प्रवक्ता को देनी पड़ी सफाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुमरिवाला ने कहा, विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने वाले सभी खिलाड़ियों का जीन टेस्ट किया गया है। इसके नतीजे सीधे विश्व एथलेटिक्स को भेजे जाएंगे। इसका खर्च भी वही वहन करते हैं।

हमारे पास इस तरह की कोई रिपोर्ट नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने रविवार को स्पष्ट किया कि एशियाई चैम्पियन हेप्टाथलीट नंदिनी अगासरा को अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए 19 सदस्यीय टीम से बाहर सिर्फ फिटनेस कारणों से किया गया है।नंदिनी ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया था। उन्होंने पहले बताया था कि वह टोक्यो में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि मई में एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गयी थी। वह इस चोट से अब तक पूरी तरह से उबर नहीं पाई हैं। सुमरिवाला ने टीम की घोषणा के बाद ऑनलाइन बातचीत में कहा, नंदिनी का 2023 में हांगझोऊ में एशियाई खेलों के दौरान एक साथी खिलाड़ी ने विरोध किया था, लेकिन मैं यह बात साफ कर देना चाहता हूं कि उन्हें विश्व एथलेटिक्स ने क्लीन चिट दे दी थी। वह स्वप्ना बर्मन की शिकायत का जिक्र कर रहे थे। स्वप्ना ने हांगझोऊ में कांस्य पदक जीतने वाली नंदिनी पर आरोप लगाए थे। स्वप्ना चौथे स्थान पर रही थी। सुमरिवाला ने कहा, विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने वाले सभी खिलाड़ियों का जीन टेस्ट किया गया है। इसके नतीजे सीधे विश्व एथलेटिक्स को भेजे जाएंगे। इसका खर्च भी वही वहन करते हैं।

हमारे पास इस तरह की कोई रिपोर्ट नहीं है। विश्व एथलेटिक्स ने हाल ही में सभी सदस्य देशों को निर्देश दिया था कि वे टोक्यो में होने वाली चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का एसआरवाई (सेक्स-डिटर्मिनिंग रीजन वाई) जीन टेस्ट करवाएं। यह टेस्ट मुख्य रूप से यह पहचानने के लिए किया जाता है कि भ्रूण विकास के दौरान पुरुष लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला एसआरवाई जीन मौजूद है या नहीं। उन्होंने नंदिनी को हटाये जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, तीसरी बात, यह एक संवेदनशील मुद्दा है और इसे सार्वजनिक रूप से चर्चा में नहीं लाया जा सकता। विश्व एथलेटिक्स के गोपनीयता नियम होते हैं।

## ये पटका, वो मारा...लियोनेल मेसी के साथियों ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई वाली लड़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लीग्स कप के फाइनल में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। जहां लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली इंटर मियामी को सिएटल साउंडर्स ने 3-0 से करारी शिकस्त दी और ट्रॉफी से उन्हें दूर कर दिया। मैच से पहले इंटर मियामी को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन सिएटल साउंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें पूरी तरह से पछाड़ दिया। इस मुकाबले के बाद एक बड़ा घटना भी हुई, जहां दोनों टीमों के खिलाफ आपस में ही भिड़ गए और फुटबॉल के मैदान को डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में बदल दिया। मैच के बाद हुई घटना ने सबको चौंका दिया। हार से गुस्साए लुइस सुआरेज ने 20 साल के खिलाड़ी ओबेद वर्गास के साथ हाथापाई शुरू कर दी। सिएटल के खिलाड़ी जब अपनी जीत का जश्न मना रहे थे, तब सुआरेज ने वर्गास को पकड़कर उनका गला दबा दिया। इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई शुरू हो गई और कुछ खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को मुक्के भी मारे। खबरों के अनुसार, सुआरेज का गुस्सा यही शांत नहीं हुआ। जब उन्हें वहां से ले जाया जा रहा था, तब उन्होंने सिएटल साउंडर्स के सहायक कोच से भी बहस की और उनके चेहरे पर थूक दिया। सुआरेज का यह व्यवहार खेल भावना के खिलाफ था और इसकी काफी निंदा की जा रही है।

# भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

**महापौर श्रीमती मालती राय ने निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के साथ विसर्जन घाटों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

- जलाशयों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु पूजन सामग्री निर्धारित पात्रों में ही रखने हेतु नागरिकों से की अपील



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निर्धारित 07 विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया और प्रतिमाओं का विसर्जन सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व एवं विसर्जन समाप्ति तक निरंतरता के साथ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वह जलाशयों की स्वच्छता बनाए रखने के द्दष्टिगत पूजन सामग्री को निर्धारित पात्रों में ही रखे। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्तद्वय श्री वरूण अवस्थी व श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, महापौर परिषद के सदस्य श्री राजेश हिंगोरानी, श्री आर.के.सिंह बघेल, जोन अध्यक्षगण श्री बाबूलाल यादव, श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी, श्री विकास पटेल, श्री राजेश चौकसे, श्रीमती आरती अनेजा, श्रीमती बृजुला सचान, पार्षदगण श्री पप्पू विलास, श्री अरविन्द वर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के साथ मंगलवार को शाहपुरा, प्रेमपुरा, खटलापुरा, रानी कमलापति, बैरागढ़, मालीखेड़ी एवं हथाईखेड़ा विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया और भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर निगम द्वारा प्रत्येक घाट एवं अस्थायी प्रतिमा एकत्रीकरण स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती मालती राय ने निर्देशित किया कि सभी विसर्जन घाटों पर आवागमन एवं सुरक्षा के द्दष्टिगत व्यवस्थित बैरीकेटिंग करें तथा घाटों/कुंडों पर पर्याप्त संख्या में संसाधनों सहित गोताखोर, क्रेन, फॉयर ब्रिगेड की व्यवस्था के साथ ही विसर्जन स्थलों एवं प्रतिमा एकत्रीकरण स्थलों पर साफ-सफाई, मार्गों का व्यवस्थिकरण, पर्याप्त पेयजल, प्रकाश आदि की व्यवस्था समय से पूर्व सुनिश्चित करने और विसर्जन समाप्ति तक सभी व्यवस्थाएं निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने प्रेमपुरा विसर्जन स्थल परिसर में आवश्यकतानुसार गिट्टी जीरा डालकर समतलीकरण कराने, सभी विसर्जन स्थलों के मार्गों को अतिक्रमणमुक्त बनाने, मालीखेड़ी तालाब के किनारे सुरक्षा के द्दष्टिगत जाली लगवाने, पार्किंग स्थलों को सुव्यवस्थित बनाने, विसर्जन स्थलों पर पूजन सामग्री आदि पृथक-पृथक एकत्र करने हेतु वालेन्टियर्स की व्यवस्था करने तथा सभी विसर्जन स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों सहित सभी संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों से अपील की है कि अपने शहर और शहर में विद्यमान जलाशयों की स्वच्छता का ध्यान रखे और विसर्जन के दौरान पूजन सामग्री को विसर्जन स्थलों एवं प्रतिमा एकत्रीकरण स्थलों पर निर्धारित पात्रों में ही रखे। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों से अपील की है कि वह स्वयं भी स्वच्छता हेतु निगम की व्यवस्थाओं में सहयोग करें और अन्य नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करें। नगर निगम द्वारा भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु शहर के प्रमुख 07 स्थानों पर विसर्जन घाट/विसर्जन कुंड में पर्याप्त व्यवस्थाएं की है। इन व्यवस्थाओं का महापौर श्रीमती मालती राय व निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नगर निगम ने जोन स्तर पर भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के ससम्मान विसर्जन हेतु प्रतिमा एकत्रीकरण एवं विसर्जन कुंड की व्यवस्था की है और इन्हें बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित जोन के जोनल अधिकारियों एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है।

# नर्मदापुरम से टिमरनी तक नये रोड की मिली सौगात

**सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त**

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में नर्मदापुरम से टिमरनी तक नये रोड निर्माण को मंजूरी दे दी है। जिसके लिए नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। नर्मदापुरम से टिमरनी तक नवीन मार्ग 972 करोड़ रुपए से बनेगा। यह नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग टू लाईन होगा। जिसमें पेव्ड शोल्डर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र की जनता के मांग के अनुरूप सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पूर्व में पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से इस रोड के निर्माण का आग्रह किया था। जिसको प्रदेश कैबिनेट में मंजूरी दी गई है। नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का निर्माण हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल योजना अंतर्गत किया जाएगा। यहां दो लेन मय पेव्ड शोल्डर 72.18 किमी. में हाईब्रिड एन्यूटी कॉउल के अंतर्गत किया जाएगा। इस परियोजना में 972 करोड़ 16 लाख रुपए खर्च होंगे।



# पचास साल में पहली बार बन रही सडक, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

दैनिक भेल पॉवर



**इटारसी।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 21 में बन रही सीमेंट सडक का निरीक्षण पार्षद कन्हैयालाल मिहानी के साथ किया। यहां के नदी मोहल्ला में पचास साल में पहली बार सडक बन रही है। जिस स्थान पर सडक बन रही है वहां अब तक कच्ची रोड थी। इसके अलावा यहां एक नाली का निर्माण भी नगरपालिका कर रही है। नपाध्यक्ष चौरे ने बताया कि यहां के नागरिक बहुत समय से सडक की मांग कर रहे थे। अब उन्हें यह सागौत नगरपालिका दे रही है। उल्लेखनीय है कि नदी मोहल्ला बाढग्रस्त क्षेत्र में आता है। इसके अलावा नपाध्यक्ष चौरे ने वार्ड 19 का भी निरीक्षण किया। यहां सडक, नाली का निर्माण हो रहा है। इस दौरान पार्षद राहुल प्रधान, भाजपा मंडल महामंत्री सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, कमलेश तिवारी मौजूद थे।

# 55 सालों से विराजमान हो रहे हैं महाराष्ट्र समाज के गणपति

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में एक गणपति पंडाल ऐसा भी है जहाँ पूरे मराठी रीति रिवाजों से भगवान गणेश का पूजन अर्चन और आराधना की जाती हैं नरसिंहपुर शहर के सभी मराठी परिवार इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं 1970 से महाराष्ट्र समाज के ये गणपति डॉ चांदोरकर निवास प्रांगण में विराजित हो रहे हैं और अनवरत 55 वर्षों से ये परंपरा चलती आ रही हैं खास बात ये है की सभी सदस्य हर दिन मराठी भेषभूषा में होते हैं, प्रतिदिन अथर्वशीर्ष स्त्रोत पाठ के उपरांत महाआरती की जाती है एवं गणपति उत्सव के दसों दिन यहाँ विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होते हैं महाराष्ट्र समाज के गणपति उत्सव की संयोजक डॉ स्वाती चांदोरकर ने बताया की ऐसे कार्यक्रमों से नरसिंहपुर के कलाकारों को एक बेहतर मंच प्रदान करने का उनका प्रयास होता है, बीते वर्ष ह्लचरणदास




चोरह्व नाटक का मंचन किया गया था इस वर्ष भी प्रथम दिन नरसिंहपुर के कलाकार सुमित दुबे द्वारा बुन्देली गीतों की प्रस्तुति दी गई, दूसरे दिन कला कौस्तुभ आर्ट अकादमी द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड की मोहक प्रस्तुति दी गई, तीसरे दिन निमिष तेलंग द्वारा फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, उत्सव के चौथे दिन साईं समिति नरसिंहपुर द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई दिनांक 4 सितम्बर को बाल सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमे अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा एवं दिनांक 5 सितम्बर दिन शुक्रवार को रात 8 बजे से नाटक ह्लकैकेयीह्व का मंचन किया जाएगा, जिसमे कैकेयी की अनकही, अनसुनी वेदना को दिखाया गया हैं नाटक डॉ चांदोरकर निवास प्रांगण में मुक्ताकाश मंच पर किया जाएगा महाराष्ट्र समाज ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# 'संतोष चौबे' के ताजा कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा


**4 सितंबर को साहित्य अकादमी, दिल्ली में आयोजित होगा लोकार्पण समारोह**

दैनिक भेल पॉवर

वरिष्ठ कविझ्रकथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का लोकार्पण समारोह एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन दिनांक 4 सितंबर 2025 (गुरुवार) को शाम 4.00 बजे से साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में होगा। यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह 'हल्के रंग की कमीज', 'रेस्त्राँ में दोपहर', 'नौ बिन्दुओं का खेल', 'बीच प्रेम में गाँधी', 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' तथा 'प्रतिनिधि कहानियाँ' प्रकाशित



और चरित्र हुए हैं। 'गरीबनवाज' का लोकार्पण समारोह सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया जी के आत्मीय सान्निध्य में आयोजित होगा और अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार श्री जानकी प्रसाद शर्मा करेंगे। श्री संतोष चौबे अपने ताजा कहानी संग्रह से कहानीपाठ करेंगे। स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ कवि एवं वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली




के अध्यक्ष श्री लीलाधर मंडलोई देंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ आलोचकझ्रसंपादक श्री अखिलेश, वरिष्ठ आलोचक श्री विनोद तिवारी, अल्पना मिश्र एवं आशुतोष कहानी संग्रह पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा रचनाकार श्री प्रांजल धर करेंगे। राजकमल प्रकाशन समूह के श्री अशोक माहेश्वरी आभार व्यक्त करेंगे। 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'गरीबनवाज' कहानियों का होगा मंचन 5 सितंबर को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD), नई दिल्ली के सम्मुख सभागार में सँवरेगा कहानियों का मंच वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के तत्वावधान में 'संभव' आर्ट ग्रुप, दिल्ली द्वारा संतोष चौबे की दो कहानियाँ 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'गरीबनवाज' का नाट्य मंचन प्रख्यात नाट्य निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन होगा। कहानियों का मंचन 05 सितंबर 2025 शाम 6:30 बजे से सम्मुख सभागार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली में होगा।

# शहर के विभिन्न पंडालों में जगह-जगह विराजे लंबोदर

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहपुर।** गणेश चतुर्थी पर 10 दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को आस्थामय वातावरण में उत्साह और उमंग के साथ हुआ। सुबह से ही घरों, मंदिरों व शहर के विभिन्न पंडालों में गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को स्थापित किया। शाम को आरती करने के बाद प्रभु की आराधना कर सुख समृद्धि का वरदान मांगा। वहीं शहर के सांकल रोड स्थित पटेल कालोनी गली नं 2 में भी लंबोदर की मूर्ति की स्थापना की गई। शाम को यहां महाआरती का आयोजन किया गया। गणेश उत्सव को लेकर लोगों में खास उत्साह रहता है। लगभग 15 दिन पूर्व से ही शहर के जगह-जगह आकर्षक पंडाल निर्माण की तैयारी समिति द्वारा शुरू करा दी गई थी। मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सजे-धजे आकर्षक पंडालों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लंबोदर की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही शहर में गणेशोत्सव की धूम शुरू हो गई है ग्रामीण इलाकों में भी छोटे-बड़े पंडालों में विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया है। शहर के प्रमुख व्यवसायिक मार्गों में आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं, साथ ही विद्युत झालरों से सजावट भी की गई है। शहर के लगभग हर मोहल्ले में आकर्षक पंडाल तैयार कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। बच्चों से लेकर बड़ों में भी विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना को लेकर उल्लास व भक्ति का वातावरण बना हुआ है। शहर के साकल रोड, स्टेशन रोड, नरसिंहपुर , पुराना बस स्टेंड एवं पटेल कालोनी गली नं 2 में स्थापित प्रतिमाएं लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। दस दिनों तक भक्तिमय रहेगा माहौलःहै गणेश उत्सव का उत्साह पूरे दस दिनों तक चलेगा। जगह-जगह पूजा समिति द्वारा धार्मिक आयोजन किए गए हैं। भजन संध्या का आयोजन भी एक-दो दिन के भीतर शुरू हो जाएगा। कई चर्चित भजन मंडलियां व आर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं पूरे दस दिनों तक शहर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहेगा।



# एनसीसी कैडेट्स को दिया लार्वा का डिमॉन्स्ट्रेशन

**गम्बुझिया मछली दिखाकर बताया लार्वा नष्टीकरण के बारे में**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी गांधीनगर भोपाल में मंगलवार को जिला मलेरिया कार्यालय की टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीष शर्मा के निर्देशन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन में डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण हेतु एनसीसी कैडेट्स को लार्वा का लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन देकर मच्छर से होने वाली बीमारियों के बारे में समझाया इसी दौरान गम्बुझिया मछली दिखाकर समझाया कि ये मछली कैसे लार्वा को खाकर नष्ट करती है। इस दौरान एनसीसी के अधिकारी गण, जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती रुचि सिलाकारी, क्षेत्रीय समन्वयक एंबेड परियोजना डॉ. संतोष भार्गव, एंटी लार्वा से श्री जितेंद्र खरे एवं एंबेड से रत्नेश सिंह उपस्थित रहे। स दौरान उपस्थित टीम के द्वारा सभी कैडेट्स को डेंगू एवं मलेरिया के लक्षण, बचाव के बारे में बताया साथ ही कहा कि डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए हमें मच्छर से बचाव करना होगा, बारिश के मौसम में मच्छर को उत्पत्ति अधिक होती है,मच्छर रुके हुए पानी अंडे देते है,अतः पानी का जमाव किसी भी स्थान पर नहीं होने दे। आप अपने घर या घर के आसपास या अपने स्कूल कॉलेज आदि में जाकर जरूर देखे कि कही पानी तो जमा नहीं है। कार्यक्रम में सभी से कहा कि आप मच्छररोधी जाली जरूर अपने कैंपस या घरों में जरूर लगवाए जिससे की मच्छर प्रवेश न कर सके, दिन में फुल आस्तीन के कपड़े पहने रात में सोते समय मच्छरदानी जरूर लगाए। बुखार आने पर सबसे पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक को दिखाए एवं सलाह के अनुसार उपचार लेवे। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के अधिकारी सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।



स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048